RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

दैनिक नवयत्न

खबरें सड़क से संसद तक




# मकर संक्रांति पर फेस्टिव टूरिज्म का रंग

## देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए पतंगबाजी के लिए खास व्यवस्था

जयपुर।

मकर संक्रांति पर जयपुर की पतंगबाजी अब केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि फेस्टिव टूरिज्स की पहचान बनती जा रही है. इसी कड़ी में जयपुर के कई प्रमुख होटलों ने इस बार त्योहार को एक संपूर्ण अनुभव में ढालते हुए %पतंगबाजी आला-कार्ट% तैयार किया है. छतों पर सजे काइट फेस्टिवल, म्यूजिक, पारंपरिक और फ्यूजन स्वादों से भरे मेनू, लाइव स्नैक्स काउंटर और गुलाबी शहर के मनोरम दृश्य ये सभी मिलकर मकर संक्रांति को देशी-विदेशी पावणों के लिए यादगार बनाएंगे.

### फेस्टिव टूरिज्म का नया मॉडल

**राजस्थान पर्यटन के लिए सर्दियों का मौसम हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहा है. होटल इंडस्ट्री अब त्योहारों को डेस्टिनेशन एक्सपीरियंस में बदलकर सैलानियों को स्थानीय संस्कृति से जोड़ने पर जोर दे रही है. पतंगबाजी, 'वो काटाज्वो मारा' की गूंज और पारंपरिक स्वाद ने जयपुर की मकर संक्रांति को एक खास पहचान दी है.**

### पतंगबाजी के लिए सजाया टैरिस

जयपुर के होटल्स में 14 और 15 जनवरी को काइट फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है. आमेर रोड स्थित एक होटल मैनेजर सूर्यभान सिंह ने बताया कि दोपहर से मेहमानों का आगमन शुरू होगा. पतंग, डोर, बैठने की व्यवस्थाएं और बच्चों के लिए विशेष जोन बनाए गए हैं. पूरा सेटअप होटल की टेरिस पर तैयार किया गया है, जहां से गुलाबी शहर की छटा और आसमान में लहराती रंग-बिरंगी पतंगों के साथ उत्सव एंजॉय किया जा सकेगा.



# एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चुनाव आयोग बोला- ये सिर्फ नागरिकता वेरिफाई करने के लिए, इससे देश से बाहर नहीं निकाला जाता

नई दिल्ली।




सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। ईसी की ओर से सीनियर वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि एसआईआर के तहत आयोग सिर्फ यह तय करता है कि कोई व्यक्ति वोटर लिस्ट में रहने के योग्य है या नहीं। इससे सिर्फ नागरिकता वेरिफाई की जाती है।

उन्होंने साफ किया कि एसआईआर से किसी का डिपोर्टेशन (देश से बाहर निकालना) नहीं होता, क्योंकि देश से बाहर निकालने का अधिकार केवल केंद्र सरकार के पास है। द्विवेदी ने संविधान सभा की बहसों और सरबानंद सोनोवाल केस का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया में नागरिकता की जांच जरूरी है।

उन्होंने बताया कि इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर केवल वोटर लिस्ट से जुड़ा फैसला कर सकते हैं। संदिग्ध गैर-नागरिकों को वोट देने देना चुनाव की निष्पक्षता को नुकसान पहुंचा सकता है, जिस पर सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच ने सवाल उठाए।

जस्टिस बागची की टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकता पहले से ही सख्त रही है और संविधान सभा में भी यही सोच थी कि नागरिकता आसानी से नहीं मिलनी चाहिए।

बिहार, केरल, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया पर विपक्ष ने सवाल उठाए थे और सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की थीं। इन याचिकाओं में चुनाव आयोग की शक्तियों, नागरिकता की पहचान और वोट देने के अधिकार से जुड़े सवाल उठाए गए थे।

# राजस्थान में कड़ाके की सर्दी, बर्फ जमी

## विजिबिलिटी 50 मीटर, 10 शहरों में अलर्ट, ठंड से मिल सकती है राहत

जयपुर।

राजस्थान में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी 10 शहरों में तेज सर्दी का यलो अलर्ट जारी किया है। अलवर सहित नेशनल कैपिटल रीजन के कई इलाकों सर्दी का असर अधिक है। यहां न्यूनतम तापमान 3 डिग्री के करीब रहा। उदयपुर, चित्तौड़गढ़ में सुबह कोहरा भी रहा। वहीं, जयपुर सहित 8 जिलों में आज भी 5ह्वद्ध और 8ह्वद्ध तक के बच्चों की छुट्टी है। हालांकि, मकर संक्रांति बाद से सर्दी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई है। वहीं, सोमवार को लगातार दूसरे दिन तापमान माइनस में दर्ज हुआ। 6 शहरों में बर्फ जम गई और 10 से ज्यादा शहरों का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ। हालांकि, दिन में आसमान साफ रहने और तेज धूप निकलने के बाद सर्दी से राहत मिली। सोमवार को दिन में अधिकतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हुई।

### धूप निकलने से पारा 5 डिग्री तक चढ़ा

कोहरा कम रहने और आसमान साफ होने से सोमवार को राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में तेज धूप निकली। हवा कमजोर होने और तेज धूप से पाली, जोधपुर, चूरू, गंगानगर, बीकानेर, सीकर, भीलवाड़ा, अलवर, सिरोही, झुंझुनूं, फतेहपुर समेत कई शहरों में अधिकतम तापमान में 3 से लेकर 5 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा सर्द इलाका हनुमानगढ़ रहा, जहां का अधिकतम तापमान 17.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि सबसे अधिक अधिकतम तापमान पाली में 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



### सीकर के फतेहपुर में तापमान 3.8 डिग्री, बादल छाए

सीकर के फतेहपुर में मंगलवार को न्युनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दो दिन तक जमाव बिंदु से नीचे रहने के बाद मंगलवार को न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। आसमान में बादल छाए रहने से ठंड और कोहरे के असर में कुछ कमी आई है।

### कोहरे के कारण विजिबिलिटी घटी, बर्फ जमी

तेज सर्दी के साथ कोहरा भी राजस्थान में परेशानी बढ़ा रहा है। मंगलवार सुबह भी चित्तौड़गढ़, उदयपुर सहित कई जिलों में घना कोहरा रहा। यहां कई इलाकों में विजिबिलिटी 50 मीटर तक ही रही।

उदयपुर में घने कोहरे की आशंका के कारण इंडिगो एयरलाइंस ने ट्रैवल एडवाइजरी भी जारी की है। वहीं, एनसीआर वाले जिलों में न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ बर्फ भी जमी नजर आई।

### माउंट आबू और फतेहपुर में माइनस में तापमान

पिछले 24 घंटे का मौसम देखे तो सीकर, चूरू, जैसलमेर, झुंझुनूं, बीकानेर, गंगानगर, फलोदी जिलों में कई स्थानों पर सुबह बर्फ जम गई। सबसे कम न्यूनतम तापमान सोमवार को माइनस 1 माउंट आबू और माइनस 0.4 फतेहपुर में दर्ज हुआ। झुंझुनूं, लूणकरणसर, दौसा, करौली, सिरोही, नागौर, गंगानगर, चूरू, जैसलमेर, सीकर, पिलानी, अलवर में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

### कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर के करीब

चित्तौड़गढ़ के कपासन में सुबह से घना कोहरा छाया हुआ है। शीतलहर चलने से सर्दी का असर और बढ़ गया। सुबह 8:30 बजे तक विजिबिलिटी 50 से 60 मीटर रही।

### 15 जनवरी से बढ़ेगा न्यूनतम तापमान

विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में 15 जनवरी से न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी होगी, जबकि दिन के तापमान में भी 1 से 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम के इस बदलाव से सुबह-शाम की गलनभरी सर्दी से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है।

# बंगाल में दो नर्सों में निपाह वायरस के लक्षण मिले

## दोनों की हालत गंभीर, प्राइवेट हॉस्पिटल में काम करते हैं

**नई दिल्ली, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के दो संदिग्ध मामले सामने आए हैं। न्यूज एजेंसी ने बंगाल स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि उत्तर 24 परगना जिले के बारासात स्थित एक निजी अस्पताल में काम करने वाले दो नर्सों में निपाह वायरस के लक्षण पाए गए हैं। इनमें एक नर्स पुरुष और दूसरी महिला है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों के सैंपल एम्स कल्याणी की वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लैब में जांच के लिए भेजे गए थे। शुरुआती रिपोर्ट में निपाह संक्रमण की आशंका जताई गई है। एक नर्स नदिया जिले की रहने वाली है, जबकि दूसरी पूर्व बर्दवान जिले के कटवा का निवासी है। फिलहाल दोनों को उसी अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है, जहां वे काम करते हैं। इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को बताया कि पश्चिम बंगाल को मदद देने और बीमारी को फैलने से रोकने के लिए एक्सपर्ट्स की एक नेशनल जॉइंट आउटब्रेक रिस्पॉन्स टीम बनाई है।


# इसरो का रॉकेट फेल, फिर भी स्पेनिश सैटेलाइट एक्टिव

## स्पेस से सिग्नल भेजा; कंपनी बोली- किस रास्ते से पहुंचा, पता लगा रहे

नई दिल्ली।

इसरो का पीएसएलवी-सी62 मिशन सोमवार को फेल हो गया। उड़ान भरने के 8 मिनट बाद पीएसएलवी रॉकेट तय रास्ते से भटक गया। इसी रॉकेट से एक सैटेलाइट भेजने वाली स्पेन की कंपनी ने मंगलवार को कहा है कि उसे इसका सिग्नल मिला है। स्पेन की स्टार्टअप कंपनी ऑर्बिटल पैराडाइम ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि तकनीकी गड़बड़ी से पहले ही उनका केआईडी (केस्ट्रेल इनिशियल डेमोंस्ट्रेटर) सैटेलाइट रॉकेट से अलग हो चुका था। इसी वजह से उसे कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

ऑर्बिटल पैराडाइम ने यह भी बताया कि अब यह पता लगाया जा रहा है कि सैटेलाइट किस रास्ते से अंतरिक्ष में पहुंचा। उसके ट्रैजेक्ट्री से जुड़े पूरे तकनीकी आंकड़े और विश्लेषण बाद में एक विस्तृत रिपोर्ट के रूप में जारी किए जाएंगे।



### वायुमंडल में दोबारा एंट्री नहीं कर पाया सैटेलाइट

मिशन फेल होने के बावजूद कैप्सूल का सक्रिय हो जाना स्पेनिश कंपनी के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। यह एक टेस्ट और डेमोंस्ट्रेशन मिशन है, जिसका मकसद भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए तकनीक को परखना था। कंपनी के मुताबिक, केआईडी कैप्सूल का मकसद अंतरिक्ष में कुछ समय तक सक्रिय रहकर सिग्नल और तकनीकी डेटा भेजना था। इसके बाद योजना यह थी कि कैप्सूल धरती के वायुमंडल में दोबारा प्रवेश करे, इस दौरान बनने वाली तेज गर्मी (हीट) को झेले और अंत में समुद्र में गिरकर (स्प्लैशडाउन) अपना मिशन पूरा करे।

# जम्मू-कश्मीर में एलजी ने 5 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया

## आतंकी संगठनों के लिए काम करने का आरोप; 5 साल में 85 कर्मचारी हटाए गए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के 5 सरकारी कर्मचारियों को आतंकी संगठनों के लिए काम करने के आरोप में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। एलजी मनोज सिन्हा ने मंगलवार को ये कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार ये सभी लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन के लिए काम कर रहे थे। 2021 से अभी तक सरकार ने 85 कर्मचारियों पर इस तरह की कार्रवाई की है। निकाले गए कर्मचारियों में एक शिक्षक, एक लैब टेक्नीशियन, एक ड्राइवर, असिस्टेंट लाइनमैन और वन विभाग का एक फील्ड वर्कर शामिल है।

# आर्मी चीफ बोले- पाकिस्तान बॉर्डर पर 8 आतंकी कैंप एक्टिव

## ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, किसी भी दुस्साहस का जवाब दिया जाएगा

नई दिल्ली।

आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। भविष्य में किसी भी तरह के आतंकी या सैन्य दुस्साहस के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं। भारत पूरी ताकत से जवाब देगा।

जनरल द्विवेदी ने बताया कि बॉर्डर के पास 8 आतंकी कैंप अभी भी सक्रिय हैं। अगर कोई हरकत होती है तो एक्शन लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर, थलसेना, वायुसेना और नौसेना के तालमेल का बेहतरीन उदाहरण है। ऑपरेशन सिंदूर में 100 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। रविवार को बॉर्डर के पास ड्रोन देखे जाने के सवाल पर आर्मी चीफ बोले- वे बहुत छोटे ड्रोन हैं। ये लाइट जलाकर उड़ते हैं। बहुत अधिक ऊंचाई पर नहीं उड़ते और बहुत कम ही दिखाई दिए हैं। 10 जनवरी को लगभग 6 ड्रोन देखे गए, जबकि 11 और 12 जनवरी को 2 से 3 ड्रोन दिखाई दिए।



### आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी की बड़ी बातें...

- हाल में देखे गए ड्रोन रक्षात्मक ड्रोन थे, जो यह देखने की कोशिश कर रहे थे कि कोई कार्रवाई तो नहीं हो रही है। वे जांचना चाहते हैं कि भारतीय सेना कहीं कोई कमी या ढिलाई तो नहीं कर रही, जिससे वे आतंकियों को भेज सकें।
- इंटरनेशनल बॉर्डर और नियंत्रण रेखा के सामने 8 आतंकी कैंप हैं, जिसमें ट्रेनिंग जैसी गतिविधि चल रही है। सेना नजर बनाए हुए है, एक भी गलती पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा।
- 7 मई को 22 मिनट की शुरुआती कार्रवाई और 10 मई तक 88 घंटे तक चले समन्वित अभियान ने रणनीतिक समीकरणों को बदल दिया। इस दौरान आतंकी ढांचों पर अटैक किए गए। 9 में से 7 लक्ष्यों को नष्ट किया गया। पाकिस्तान की पुरानी परमाणु धमकी की रणनीति को कमजोर किया गया।
- 2025 में 31 आतंकवादियों को मार गिराया गया, जिनमें ज्यादातर पाकिस्तानी थे। इनमें पहलगाम हमले के आतंकी भी थे, जिन्हें ऑपरेशन महादेव में मार गिराया गया।
- जम्मू-कश्मीर में सकारात्मक बदलाव दिख रहे हैं। विकास के काम तेज हुए हैं। पर्यटन लौट रहा है और अमरनाथ यात्रा शांतिपूर्ण रही। 2025 में 4 लाख से ज्यादा श्रद्धालु आए, जो पिछले पांच साल के औसत से ज्यादा हैं। आतंक से पर्यटन की ओर बढ़ने की प्रक्रिया अब धीरे-धीरे आकार ले रही है।

# प्रधानाध्यापक ने सेवानिवृत्ति से पूर्व विद्यालय की सूरत बदलने के लिए दिए एक लाख एक हजार

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अभयपुरा में प्रधानाध्यापक मंगेजा राम बुडानिया ने अपनी सेवानिवृत्ति से पूर्व विद्यालय में सुन्दर रंग रोगन करवाने के लिए सोमवार को एक लाख एक हजार रुपए भेंट कर अनूठी मिशाल पेश की है। बुडानिया ने एसएमसी सदस्यों व पीईईओ अनिल कुमार को ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से राउप्रावि अभयपुरा को एक लाख एक हजार रुपए का दान पत्र भेंट किया। विद्यालय में इस समय मंगेजा राम बुडानिया की प्रेरणा से चार लाख रुपए की लागत से जनसहयोग से 60 गुणा 40 वर्ग फीट का टिन शैड निर्माणाधीन है व दो लाख पच्चीस हजार रूपए की लागत से दो इंटरेक्टिव बोर्ड पैनल व तीन अलमारी मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना से क्रय कर स्थापित किये गये है। इससे पूर्व विद्यालय में पूर्व विद्यार्थियों के सरकारी नौकरी लगने पर प्रथम वेतन के दान से विद्यालय में वाटर कूलर, सीसीटीवी कैमरे, इन्वेटर बैटरी, इन्टरनेट, बोर्ड पैनल, एलईडी, कम्प्यूटर लैब, पुस्तकालय, खेल मैदान, झूला, फिसलन सीढ़ी, हर्बल गार्डन, कक्षा स्तर अनुसार टीएलएम, फर्नीचर आदि आवश्यक भौतिक सुविधाएं स्थापित कर एवं विद्यालय को अनेक बार राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय पुरस्कार प्राप्त कर राज्य के सर्व श्रेष्ठ उत्कृष्ट विद्यालयों की श्रेणी में स्थापित किया है।

### इनका कहना है

प्रधानाध्यापक मंगेजा राम बुडानिया का कार्यकाल शिक्षा जगत में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने दिखाया है कि यदि इच्छाशक्ति हो तो एक सरकारी विद्यालय को निजी स्कूलों से भी बेहतर बनाया जा सकता है।

# ब्रेन हेमरेज पीड़ित महिला का सफल इलाज, समय पर उपचार से बची जान

निसं



**चित्तौड़गढ़ ( नवयत्न )।** ब्रेन हेमरेज जैसी गंभीर बीमारी में समय पर इलाज कितना जरूरी है। इसका उदाहरण चित्तौड़गढ़ निवासी सुनिता देवी (परिवर्तित नाम) के मामले में सामने आया है। त्वरित चिकित्सा और विशेषज्ञ उपचार के चलते उनकी जान बच सकी और अब वे पूरी तरह स्वस्थ हैं। परिजनों के अनुसार 4 दिसंबर 2025 की सुबह सुनिता देवी बाथरूम जाने के लिए उठी। लेकिन कुछ कदम चलने के बाद अचानक गिर पड़ी। जब उन्होंने उठने की कोशिश की तो शरीर के बाएं हिस्से में कमजोरी और काम न करने की समस्या महसूस हुई। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें बेहोशी की स्थिति में तुरंत एमपी बिरला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, चित्तौड़गढ़ लेकर पहुंचे। यहां न्यूरो विशेषज्ञ डॉ मधुप बक्शी को दिखाया गया। जांच के दौरान डॉ बक्शी ने मरीज में उच्च रक्तचाप, शरीर के बाएं हिस्से में असहजता और ब्रेन हेमरेज के लक्षण पाए। इसके बाद तत्काल सीटी स्कैन और अन्य आवश्यक जांचें करवाई गई और मरीज को अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। करीब 8 दिनों तक डॉ मधुप बक्शी की निगरानी में सुनीता देवी का इलाज चला। लगातार उपचार और देखभाल से उनकी स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हुआ, जिसके बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। वर्तमान में सुनीता देवी पूरी तरह स्वस्थ हैं और सामान्य जीवन जी रही हैं। इस मामले को लेकर डॉ मधुप बक्शी ने बताया कि ब्रेन हेमरेज एक मेडिकल इमरजेंसी है, जिसमें मरीज को तुरंत अस्पताल पहुंचाना बेहद जरूरी होता है। समय पर इलाज शुरू होने से मरीज को बेहतर परिणाम मिलते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसी स्थिति में अंधविश्वास या इधर-उधर की सलाह में समय बर्बाद न करें बल्कि तुरंत विशेषज्ञ डॉक्टर से संपर्क करें। यह मामला इस बात का प्रमाण है कि सही समय पर सही इलाज न केवल जान बचा सकता है बल्कि मरीज को पूरी तरह स्वस्थ जीवन भी लौटा सकता है।

# भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक गुढ़ा का किया स्वागत



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** उदयपुरवाटी के पूर्व विधायक व भाजपा नेता रणवीर गुढ़ा का कस्बे के मंडी रोड पर एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र भाटिया व भाजयूमो ग्रामीण अध्यक्ष अमित बिजारणियां के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। मंगलवार को पूर्व विधायक रणवीर गुढ़ा, पूर्व प्रधान बुहाना नीता यादव के निजी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सोहली आए थे। वापसी के समय सूरजगढ़ पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने आगामी पंचायत चुनावों को देखते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता से मेहनत करने की अपील की। उन्होने कहा कि पार्टी का सबसे मजबूत स्तंभ बूथ अध्यक्ष होता है। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय गोयल, पूर्व सरपंच वीर सिंह खरड़िया, सुरेन्द्र शर्मा, राकेश शेखावत, कपिल सिरोवा, सुनील पालीवाल, मनोज शर्मा, सत्यनारायण शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दीक्षांत में भावुक पल : बेटी के साथ स्मिता ने थामी डिग्री



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विवेकानन्द ग्लोबल विश्वविद्यालय के 9 वें दीक्षांत समारोह में उस वक्त भावुक पल देखने को मिला जब स्मिता अपनी छह साल की बेटी के साथ डिग्री लेने मंच पर पहुँची। स्मिता ने कहा कि पढ़ाई की कोई उम्र नहीं होती और जिम्मेदारियां शिक्षा की राह में बाधा नहीं बननी चाहिए। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि शिक्षा चरित्र और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है। उन्होंने युवाओं से नवाचार और आत्मनिर्भरता के साथ देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिस्टेंस एजुकेशन एवं ऑनलाइन विवेकानन्द ग्लोबल विश्वविद्यालय का पहला संयुक्त दीक्षांत समारोह भी आयोजित हुआ। इसमें 1,942 विद्यार्थियों और 41 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। साथ ही 109 विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया।

# मकर संक्रांति पर प्रथम पूज्य की सजेगी पतंग झांकी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मकर संक्रांति का पर्व इस वर्ष विशेष योग-संयोग में मनाया जाएगा। बुधवार और एकादशी के संयोग से परकोटा स्थित श्री गणेश मंदिर में धार्मिक आयोजनों के साथ प्रथम पूज्य भगवान गणेश की भव्य पतंग झांकी सजाई जाएगी। मंदिर महंत अमित शर्मा के सानिध्य में सर्वप्रथम भगवान गणेश को औषधीय जल तथा केवड़ा-गुलाब जल से स्नान कराया जाएगा। इसके बाद नवीन पोशाक धारण कराकर सिंदूर का चोला चढ़ाया जाएगा और फुल बंगला सजाकर भगवान को विराजमान किया जाएगा। इसके पश्चात गणेश जी की कलात्मक पतंग झांकी सजाई जाएगी। झांकी में प्रथम पूज्य चांदी की चरखी, चांदी की पतंग और डोर से पतंग उड़ाते हुए भक्तों को दर्शन देंगे, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगा। मकर संक्रांति पर एकादशी होने के कारण भगवान को सागारी लड्डुओं का भोग अर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर तिल से बने व्यंजन और गर्म तासीर वाले पदार्थों का विशेष भोग लगाया जाएगा।

# भींवराज राजस्थान यूथ आइकॉन अवार्ड 2026 से सम्मानित

निसं



**साण्डवा ( नवयत्न )।** गांव सांडवा के युवा कलाकार, समाजसेवी, प्रेरक वक्ता भींवराज सिंहमार को राजस्थान यूथ आइकॉन अवार्ड 2026 से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, शासन सचिव नीरज के पवन, राजस्थान युवा बोर्ड सदस्य सचिव कैलाश पहाड़िया के द्वारा सम्मानित किया गया। भींवराज ने अपने हाथों से बनाया हुआ छायाचित्र भेंट किया जिसकी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रशंसा की। राजस्थान से कुल 13 युवा सम्मानित हुए। सभी को एक लाख रुपए का पुरस्कार और मोमेंटो दिया गया। इन सभी युवाओं को विदेश जाने का मौका भी मिल सकता है। भींवराज सिंहमार युवाओं के नेतृत्व विकास, कला संस्कृति, कला शिक्षा, सामाजिक जागरुकता, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक आदान प्रदान जैसे विषयों पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे है। इन्होंने अपने क्षेत्र में बहुत सारी चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की है और लॉकडाउन में रोड पर विशाल पेंटिंग बनाई थी जो चारों तरफ चर्चा का विषय बना जिसको ओमजी बूक ऑफ रिकॉर्डस में शामिल किया गया और राष्ट्र रत्न से सम्मानित किया।

इसके अलावा इनको करीबन 100 से ज्यादा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है जैसे भारत सरकार, राजस्थान सरकार, राजस्थान पुलिस, पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन आदि। बहुत सारे सामाजिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया है। भींवराज सिंहमार ने बताया कि उसके लिए खुशी का पल इसलिए भी है कि आज अवार्ड उनके पापा मानाराम और माता के सानिध्य में दिया जा रहा है। इस अवार्ड के लिए भींवराज सिंहमार ने सभी क्षेत्र वासियों और सभी गुरुजनों व साथियों का धन्यवाद दिया।

# ऑडी हिट एंड रन मामला : मुख्य आरोपी की मदद करने वाले पांच गिरफ्तार

## मुख्य आरोपी अब भी फरार, अब तक सात लोगों की गिरफ्तारी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के पत्रकार कॉलोनी थाना इलाके में हुए चर्चित ऑडी हिट एंड रन मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी की मदद करने वाले एक डॉक्टर सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने दिनेश रणवां ड्राइवर को फरार करवाने, छिपाने, गाड़ी और आर्थिक रूप से मदद की थी। हालांकि हादसे के समय ऑडी कार चला रहा मुख्य आरोपी दिनेश रणवां अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इस मामले में अब तक कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सभी आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि हादसे के वक्त ऑडी कार में सवार मुकेश कुमार रणवां और पप्पू चौधरी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जिसमें एक मुकेश वर्तमान में पुलिस विभाग के निर्भया स्क्वॉड में कॉन्स्टेबल के रूप में जयपुर में तैनात है। वहीं मुख्य आरोपी दिनेश को फरार कराने और छुपाने में मदद करने के आरोप में डॉ. अशोक मीणा, सुमित कुमार, भागचंद, शिवराज और नितिन को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों ने दिनेश को घटनास्थल से भगाने, छुपाने तथा वाहन और नकदी मुहैया कराने में भूमिका निभाई। पुलिस ने इस मामले में अब तक दो वाहन जब्त किए हैं।

इनमें एक वह ऑडी कार शामिल है, जिससे हादसा हुआ था, जबकि दूसरी वह कार है, जिससे मुख्य आरोपी दिनेश घटनास्थल से फरार हुआ था।

### हादसे में एक की मौत, 16 लोग कुचले गए

पुलिस के अनुसार 9 जनवरी की रात मानसरोवर स्थित पत्रकार कॉलोनी के खरबास सर्किल पर तेज रफ्तार ऑडी कार ने थड़ी-ठेलों को टक्कर मारते हुए 16 लोगों को कुचल दिया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई गंभीर घायलों का सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार जारी है। घटना के समय कुछ लोग वहां काम कर रहे थे और कुछ भोजन कर रहे थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।

### शराब के नशे में था चालक

अब तक की जांच में सामने आया है कि कार चालक दिनेश शराब के नशे में धुत था और अत्यधिक तेज गति से वाहन चला रहा था। बेकाबू कार ठेलों में घुस गई और लोगों को कुचलती चली गई। मौके पर जमा भीड़ का फायदा उठाकर दिनेश फरार हो गया। इसके बाद उसने अपने परिचित डॉ. अशोक मीणा को फोन किया, जिन्होंने उसे कार में बैठाकर रिंग रोड तक छोड़ा।

इसके बाद से दिनेश फरार है और उसने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया है। वहीं पुलिस ने मुख्य आरोपी कार चलाने वाले दिनेश रणवा 32 के सभी बैंक खाते सीज कर दिए। इसमें उसकी कंपनी के खाते भी शामिल हैं। दिनेश की सोलर से जुड़ी कंपनी है। पुलिस दिनेश रणवा को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। पत्रकार कॉलोनी थानाधिकारी मदन कड़वासरा ने बताया कि पुलिस ने कई सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें अलग-अलग स्थानों से पकड़ा है। वहीं मामले की जांच अभी जारी है और जरूरत पड़ने पर अन्य धाराओं में भी कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि घटना के समय वाहन कौन चला रहा था और क्या शराब या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन किया गया था। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# विकसित भारत संसद-2026 की गूंज, पोस्टर का विमोचन




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विकसित भारत की संकल्पना को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत विकसित भारत संसद-2026 के अंतर्गत पीताम्बर फाउंडेशन के पोस्टर का भव्य विमोचन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय इस्पात राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कर-कमलों से पोस्टर का विमोचन किया। समारोह में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अविनाश राय खन्ना, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा और जयपुर की पूर्व महापौर ज्योति खण्डेलवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विकसित भारत संसद-2026 को राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक प्रभावी मंच बताया। कार्यक्रम में विकसित भारत अभियान से जुड़े प्रमुख संस्थापकों की सक्रिय भागीदारी रही। डॉ. महेश शर्मा, डॉ. राहुल पांडेय और डॉ. राजीव उपाध्याय ने मंच से विकसित भारत संसद-2026 की अवधारणा, उद्देश्य और भावी कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि यह मंच नीति निर्माण, नवाचार, सामाजिक सहभागिता और जनसंवाद के माध्यम से भारत को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वक्ताओं ने बताया कि विकसित भारत संसद-2026 का उद्देश्य युवाओं, विशेषज्ञों, जनप्रतिनिधियों और समाज के विभिन्न वर्गों को एक साझा मंच पर लाकर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, उद्योग, रोजगार, सामाजिक समरसता और सुशासन जैसे विषयों पर ठोस पहल करने का आह्वान भी किया गया। समारोह में उपस्थित गणमान्य अतिथियों और प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया।

# विराट हिंदू सम्मेलन 25 को




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** 25 जनवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कटराथल के भढ़ाढ़र मंडल की बैठक ठाकुरजी के मंदिर में हुई। विजयपाल चिराणियां ने बताया कि बैठक में मंदिर के पुजारी गौरीशंकर लाटा व बाबा रामदेव मंदिर के पुजारी मनीराम देवठिया के सानिध्य में हिंदू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन कर आयोजन समिति का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि आयोजन समिति में अध्यक्ष मंगलचंद मुवाल, उपाध्यक्ष रविंद्र फेनिन, उमराव सिंह शेखावत व विजेंद्र सिंह सरपंच, सचिव महिपाल भेरी, मुरारीलाल शर्मा, ओमप्रकाश गोदारा, श्रीपाल खीचड़, देवीदत्त जांगिड़, कोषाध्यक्ष मनोज जैन व मुकेश लाटा को मनोनित किया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संदीप सेवदा, महेश सेवदा, मनोज शर्मा, भागीरथ कुमावत, अभिषेक दाधीच, केशर ढाका, कमलेश बरवड़, खीवाराम देवठिया, सुखदेव सैनी, बाबूलाल सैन, ईश्वर सैनी को बनाया गया। उन्होंने बताया कि हिंदू सम्मेलन में सबलपुरा, भैरूपुरा, झींगर छोटी व झीगर बड़ी, रसीदपुरा, भूकर का बास, सांवलोदा, मेलासी व भढ़ाढर सहित कई गांवों के ग्रामवासी शामिल होंगे। बैठक में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# मकर संक्राति आज, बन रहे दुर्लभ संयोग

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** हिंदू धर्म में मकर संक्रांति पर्व का विशेष महत्व माना गया है। जब सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करता है तभी मकर संक्रांति पर्व मनाया जाता है। पंडित राजकुमार बियाला ने बताया कि इस वर्ष सूर्य 14 जनवरी 2026 को दोपहर 3:13 बजे मकर राशि में गोचर करेगा। इसी कारण मकर संक्रांति पर्व 14 जनवरी को मनाया जाएगा। इस बार मकर संक्रांति पर दुर्लभ शुभ संयोग बन रहे हैं, जिससे दान, स्नान और जप का विशेष महत्व बढ़ गया है।

### शुभ योग और पुण्य काल

पंडित राजकुमार बियाला ने बताया इस वर्ष मकर संक्रांति के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग बन रहे हैं। सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 7:15 बजे से शुरू होकर 15 जनवरी तड़के 3:03 बजे तक रहेगा। इसी अवधि में अमृत सिद्धि योग भी प्रभावी रहेगा। इन योगों में किया गया स्नान, दान और पूजा विशेष पुण्य फल प्रदान करती है। मकर संक्रांति का पुण्य काल दोपहर 3:13 बजे से शाम 5:45 बजे तक रहेगा। वहीं ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:27 बजे से 6:21 बजे तक रहेगा। इस दौरान स्नान और दान करना विशेष शुभमाना गया है।

# हादसा या हत्या ...?

## दो सप्ताह बाद भी नहीं सुलझ पाई गुत्थी



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** रताऊ सीवां मार्ग पर बोलेरो वाहन में आग लगने से चालक जेठाराम बीडियासर की दर्दनाक मौत के मामले में 15 दिन बीत जाने के बावजूद मामले की गुत्थी नहीं सुलझ पाई है जबकि पुलिस ने परिजनों को पांच दिनों में कार्रवाई का भरोसा दिलाया था।

### मृतक के जूते मिलने से हत्या का शक

मंगलवार को मामले में उस समय नया मोड़ आ गया जब परिजनों को घटना स्थल से लगभग 50 मीटर की दूरी पर मृतक के दोनों पैरों के जूते तथा कुछ दूरी पर गाड़ी का टूटा हुआ इंडिकेटर मिला। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण व परिजन मौके पर एकत्र हो गए। परिजनों ने घटना को लेकर सामान्य हादसा नहीं हत्या होने का संदेह जताया है। उनका कहना है कि यदि यह केवल दुर्घटना होती तो मृतक के जूते और वाहन के हिस्से इस तरह अलग-अलग स्थानों पर नहीं मिलते। परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष व गहन जांच की मांग की है। घटना की जानकारी लाडनूं सीओ जितेंद्र सिंह चारण को दी गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी तथ्यों और साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

### इनका कहना है

परिजनों की सूचना पर मौके पर एफएसएल और एमओबी की टीम को बुलाया गया है। इसकी जांच की जा रही है। मामले का शीघ्र खुलासा करने में टीम लगी हुई है। सिद्धार्थ प्रजापत, थानाधिकारी निम्बीजोधा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रवक्ता का किया सम्मान



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी टाउनशिप के हाथी पार्क के पास सोमवार देर शाम को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रवक्ता का खेतड़ी नगर आगमन पर सम्मान किया। जिला प्रभारी झुंझुनू सेवादल कांग्रेस के डॉ शीशराम गुर्जर ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता यशवर्धन सिंह शेखावत निजी कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए खेतड़ी नगर आए थे।

डॉ शीशराम गुर्जर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रवक्ता यशवर्धन सिंह शेखावत का साफा व माला पहनाकर कर सम्मान किया। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता यशवर्धन सिंह ने कहा कि एक पार्टी को मजबूत करने में कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर पर अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

इस मौके पर इंजीनियर नरेन्द्र सिंह, अजय चंदेला, विजय चंदेला, सुनील मेघवाल, आशीष घुमरिया, मुकेश खटाना, कृष्ण चंदेला, राजेंद्र गुर्जर, सहीराम कुमावत, सोनू, मंजीत बिस्सा, भोला चंदेला सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बजट सुझाव बैठक में युवा सशक्तिकरण पर जोर

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के प्रभारी एवं राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के मुख्य आतिथ्य में बजट घोषणा पूर्व सुझाव संवाद बैठक आयोजित हुई। बैठक में समस्त विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक हितधारक मौजूद रहे। बैठक में नेशनल यूथ आइकॉन व अधिवक्ता विजयहिन्द जालिमपुरा ने राजस्थान में युवा सशक्तिकरण को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव रखे। उन्होंने युवाओं को कौशल दक्षता, उद्यमशीलता, लीडरशिप एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों में प्रशिक्षण देने हेतु प्रत्येक जिले में यूथ स्किल सेंटर स्थापित करने की मांग की। साथ ही उत्कृष्ट युवाओं के लिए इंटर्नशिप एवं फेलोशिप योजना शुरू करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने भारत सरकार के मेरा युवा भारत केंद्र की तर्ज पर राजस्थान युवा बोर्ड द्वारा प्रति ब्लॉक स्वयंसेवक योजना संचालित करने का सुझाव दिया। इसके अलावा जिला मुख्यालय पर विधि महाविद्यालय खोलने तथा पूर्व में घोषित खेल विश्वविद्यालय को झुंझुनू में ही संचालित करने की मांग रखी।

विजयहिन्द जालिमपुरा ने राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेताओं को लेकर राज्य एवं जिला स्तर की आधिकारिक वेबसाइटों पर जानकारी उपलब्ध कराने, प्रमुख सरकारी योजनाओं व विभागों का ब्रांड एंबेसडर बनाने सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं व प्रोत्साहन देने की भी मांग की।



## पतंगों की बिक्री परवान पर
### चाइनीज डोर की मांग बरकरार



निसं

**चिड़ावा (नवयत्न)।** शहर और आसपास के इलाकों में पतंगबाजी का दौर जारी है। बच्चे छतों पर नजर आ रहे हैं। वहीं बाजारों में भी मंगलवार को रौनक नजर आई। पतंगों के लिए विवेकानंद चौक में अस्थाई दुकानें लगी हुई हैं। यहां पर काफी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग पतंग और डोर खरीदने आ रहे हैं। सभी में पतंगबाजी को लेकर उत्साह जरूर नजर आ रहा है लेकिन बादलवाही और बारिश की संभावना के चलते पतंगबाज थोड़े चिंतित और परेशान दिखाई दे रहे हैं। बाजार में इस बार कई तरह के आकर्षक डिजाइनों की पतंगें आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। बच्चों के लिए स्पाइडर मैन, छोटा भीम, चाचा चौधरी, टॉम एंड जेरी और तिरंगा सहित अन्य डिजाइन की पतंगें बाजार में खूब बिक्री के लिए आ रही है।

**मौसम खराब होने से थैली की पतंगों की ज्यादा डिमांड**

बादल छाए रहने के अलावा मौसम विभाग ने पाला पड़ने और कोहरे व बारिश की संभावना जताई हैं। सक्रांति के दिन भी बादलवाही रहने की संभावना के चलते कागज की पतंगों की जगह थैली की पतंगों की अधिक डिमांड है। पहले जहां कागज की पतंग ज्यादा डिमांड में थी, वहीं अब ग्राहक थैली की पतंगें ही मांग रहे हैं। धागों में बरेली, दिल्ली, मेरठ, जयपुर, रामगढ़ का धागा ज्यादा बिक रहा है। वहीं चोरी छिपे चाइनीज मांझा भी बेचा जा रहा है। आने वाला ग्राहक सबसे पहले चाइनीज मांझा ही मांग रहा है।

## धूमधाम से मनाया सैनिक दिवस



निसं

**चिड़ावा (नवयत्न)।** जिला सैनिक बोर्ड चिड़ावा परिसर में मंगलवार को भूतपूर्व सैनिक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यस्त्र5म के दौरान देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों की वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ाकर और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली वीरांगनाओं में सुनीता देवी, काजल देवी, विमला देवी, सुनीता देवी, सरोज देवी, भतेरी देवी और सूरज कौर शामिल रही। मंच पर मौजूद अतिथियों ने वीरांगनाओं के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए उन्हें समाज की धरोहर बताया। समारोह में गैलंट्री अवॉर्ड विजेताओं के शौर्य को भी सलाम किया गया। विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त कैप्टन लियाकत अली, सेना मेडल विजेता हवलदार सुरेश कुमार और सेना मेडल विजेता हवलदार सुनील कुमार को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पूर्व सैनिकों के कल्याण में निरंतर सहयोग करने वाले भामाशाहों का भी अभिनंदन किया गया। गौरव सेनानी सेवा समिति झुंझुनू के अध्यक्ष शीशराम डांगी, ओजटू के पूर्व सरपंच कप्तान हरलाल डांगी और समिति के उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद रोहिला को दुशाला ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मान की यह रस्म कर्नल सुरेश कुमार जांगिड़ और पूर्व सैनिक व नायब तहसीलदार बलवीर कुलहरी द्वारा निभाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक पूर्व सैनिक और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जिनमें सुबेदार मनीराम, हवलदार जमशेद अली, कमांडो लीलाधर लमोरिया, सुबेदार पूनम सिंह नरूका, सुबेदार सतपाल सिंह नरूका और कैप्टन जयवीर सिंह प्रमुख थे। कार्यक्रम में हवलदार राजेंद्र बालियान, कैप्टन सुरेश भालोठिया, सुबेदार जयकरण, सुबेदार रमेश, योगेश जांगिड़, शेर सिंह, संजय शर्मा, रामस्वरूप सोमरा और राजेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में गौरव सेनानियों ने हिस्सा लिया। वक्ताओं ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं और उनके कल्याणकारी कार्यों पर चर्चा करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सराहा।

## पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाई लोहड़ी


निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मकर संक्रांति के साथ मनाए जाने वाले पंजाबी और सिख समाज के प्रमुख पर्व लोहड़ी को लेकर शहर में उत्सव की शुरुआत हो गई है। हालांकि मकर संक्रांति बुधवार को है, लेकिन मंगलवार रात जयपुर के विभिन्न इलाकों में सामूहिक लोहड़ी उत्सव धूमधाम से मनाए गए। इस उत्सव के दौरान गोकाष्ठ सहित लकड़ियों से लोहड़ी तैयार की गई और इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। आयोजन में समाज बंधुओं के साथ भांगड़ा ग्रुप की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी के बीच लोहड़ी के गीतों और नृत्य के साथ पारंपरिक उल्लास देखने को मिला। इस कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी शामिल हुए।

**पारंपरिक रीति-रिवाजों का हुआ निर्वहन**

पंजाबी समाज में लोहड़ी का पर्व सुहागिन महिलाओं द्वारा पौराणिक रीति-रिवाजों के साथ परिवार में मिठास, खुशहाली और सौहार्द लाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस अवसर पर देवर-ननद के आपसी प्रेम को मजबूत करने, पति के प्रति सम्मान और सास-ससुर की सेवा का संदेश देने की परंपरा निभाई जाती है। मकर संक्रांति के दिन भाभी द्वारा देवर और ननद को लाड़-दुलार दिया जाता है। परंपरा के अनुसार देवर को घेवर खिलाया जाता है, जबकि ननद को केसर और दूध से स्नान कराकर नेग दिया जाता है। समाज के लोगों ने कहा कि लोहड़ी केवल पर्व नहीं, बल्कि पारिवारिक संस्कारों और सामाजिक एकता का उत्सव है।

## जांगिड़ की स्मृति में की गौ सेवा



निसं

**मुकुंदगढ़ (नवयत्न)।** मुकुंदगढ़ के पिंजरा गौशाला में ओमप्रकाश जांगिड़ की स्मृति पर उनके पुत्रों ने गौशाला में गायों की सेवा की। गौशाला के घनश्याम सुरोलिया ने बताया की ओमप्रकाश जांगिड़ की याद में उनके पुत्रों ने गायों के लिए हरा चारा, दलिया एवं गुड़ खिलाकर गौ सेवा की। इस अवसर पर राजेश जांगिड़, विष्णु जांगिड़, मुकेश जांगिड़, कैलाश जांगिड़, निरंजन जांगिड़, शिवम जांगिड़, रितिक जांगिड़ मौजूद रहे।

## नगर पालिका में स्थायी ईओ लगवाने की मांग

निसं

**लाडनूं (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष नागौर देहात जगदीश पारीक ने अपने जयपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के ओएसडी गोविंद पारीक से मुलाकात कर लाडनू की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। चर्चा के दौरान लाडनूं नगर पालिका में कथित भ्रष्टाचार की शिकायतों की निष्पक्ष जांच एवं लाडनूं क्षेत्र के वार्ड संख्या 39 से 44 में लंबे समय से पानी की समस्या तथा लाडनूं में आचार्य प्रवर के प्रवास से पूर्व शहर की सड़कों, नालियों की मरम्मत एवं साफसफाई करवाने के लिए नगर



पालिका लाडनूं के अधिकारियों को एवं स्थानीय प्रशासन को निर्देशित करने का आग्रह किया। पारीक ने लाडनूं नगर पालिका में स्थायी अधिशासी अधिकारी लगाने का भी आग्रह किया ताकि शहर के विकास कार्यों को गति मिल सके। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के पदों पर वाल्मीकि समाज के लोगों को ही भर्ती में प्राथमिकता देने का आग्रह किया है।

## हिट एंड रन : घर लौट रहे दो बाइक सवारों को ट्रक व पिकअप ने कुचला

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर में सोमवार देर रात हिट एंड रन की दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक बाइक से अपने-अपने घर लौट रहे थे। एक हादसा विश्वकर्मा इलाके में हुआ, जहां ट्रक की टक्कर से युवक की जान चली गई, जबकि दूसरा हादसा करधनी क्षेत्र में पिकअप की टक्कर से हुआ। दोनों मामलों में वाहन चालक मौके से फरार हो गए। एक्सीडेंट थाना पश्चिम पुलिस ने दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं और फरार वाहनों की तलाश की जा रही है। एक्सीडेंट थाना पश्चिम के हेड कांस्टेबल महावीर ने बताया कि पहला हादसा विश्वकर्मा थाना क्षेत्र में वीकेआई एकता रोड पर हुआ। इसमें रोड नंबर-1डी निवासी शुभम पांडे 30 की मौत हो गई। शुभम सी-स्कीम स्थित एक निजी बैंक में मैनेजर थे और अपनी पत्नी व दो वर्षीय बेटे के साथ रहते थे। सोमवार रात करीब 12:45 बजे वे बाइक से सी-स्कीम से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने शुभम को गंभीर हालत में कांवटिया अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरा हादसा करधनी थाना क्षेत्र में हुआ। इसमें सीकर जिले के खंडेला निवासी अनिल जांगिड़ 40 की मौत हो गई। अनिल करधनी के श्याम मार्केट में रहकर कारपेंटर का काम करता था। सोमवार की रात को वह करधनी स्थित 80 फीट रोड से बाइक लेकर घर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार पिकअप ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। पिकअप चालक हादसे के बाद वाहन लेकर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल अनिल को भी कांवटिया अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में हिट एंड रन का प्रकरण दर्ज कर लिया है और फरार ट्रक व पिकअप की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## सीएचसी को 100 बैड के साथ सुविधा विस्तार करने के लिए सौंपा ज्ञापन

निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** कस्बे के सामाजिक संगठन जीवन ज्योति रक्षा समिति व बार एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सूरजगढ़ में सुविधा विस्तार करते हुए 100 बैड का करने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी दीपक चंदन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया गया कि सीएचसी के स्थापना के बाद आज तक क्षेत्र में जनसंख्या बढ़ी है रोगों में वृद्धी हुई है लेकिन अस्पताल की सुविधाओं में कोई विस्तार नहीं हुआ है। जिससे मरीजों को निजी अस्पतालों की शरण में जाना पड़ता है। ज्ञापन के माध्यम से कस्बे को तीस बैड से बढ़ाकर 100 बैड किए जाएं व सुविधाओं में विस्तार किया जाए जिससे क्षेत्र



की जनता को राहत मिल सके। इस मौके पर समिति संरक्षक सज्जन अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ रवि शर्मा, सचिव बलवान भास्कर, रविन्द्र सांगवान, रमेश सैनी, जितेन्द्र, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट संदीप मान, एडवोकेट मदन राठौड़, एडवोकेट अभिषेक सेवदा, एडवोकेट सोमवीर खिचड़, एडवोकेट अजय जडेजा, एडवोकेट हवा सिंह, अनिल शर्मा, एडवोकेट संजू, गजानन्द सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नगरीय विकास कर नहीं जमा कराने पर 6 संपत्तियां कुर्क



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** नगर निगम जयपुर ने नगरीय विकास कर नहीं चुकाने वालों के खिलाफसख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जहां हवामहल और आमेर जोन में बकायेदार संपत्ति मालिकों पर कुर्की की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई का नेतृत्व उपायुक्त सीमा चौधरी ने किया। कार्रवाई में कार्यवाहक राजस्व अधिकारी पार्वती सोनी, राजस्व निरीक्षक मोहम्मद कासिम और सतर्कता शाखा मुख्यालय नगर निगम जयपुर की टीम शामिल रही। अभियान के दौरान कुल 06 संपत्तियों को कुर्क किया गया। जिन पर नगरीय विकास कर की कुल बकाया राशि 19,51,97. थी। बार-बार नोटिस देने के बावजूद कर जमा नहीं कराने पर निगम ने यह कठोर कदम उठाया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि नगरीय विकास कर वसूली में कोई ढ़िलाई नहीं बरती जाएगी। बकायेदारों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। निगम ने सभी संपत्ति मालिकों से समय पर कर जमा कराने की अपील की है, अन्यथा कुर्की जैसी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## अवैध खनन को वैध दर्शाकर सरकार को पहुंचाई राजस्व हानि

**एसीबी ने खनिज विभाग के अफसर-कर्मचारियों सहित क्रेशर मालिकों पर दर्ज किया मामला**

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** अवैध खनन को वैध दर्शाकर सरकार को भारी राजस्व हानि पहुंचाने के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की भरतपुर टीम ने प्राथमिक जांच के बाद खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों, क्रेशर मालिकों और रॉयल्टी ठेकेदारों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी को मिली शिकायत में आरोप था कि खनिज विभाग भरतपुर के अधिकारी-कर्मचारी, क्रेशर मालिक और रॉयल्टी ठेकेदार मिलकर बंद पड़ी खदानों के रवन्नों का दुरुपयोग कर बड़े पैमाने पर अवैध खनन करा रहे हैं और उसे वैध खनन दर्शाया जा रहा है। जिस पर एसीबी द्वारा की गई जांच में प्रथम दृष्टया यह सामने आया कि आरोपियों ने आपसी मिलीभगत से लाखों टन खनिज संपदा का अवैध खनन किया और रवन्नों का दुरुपयोग कर उसे वैध बताकर सरकार को भारी राजस्व नुकसान पहुंचाया। इसके बाद रामनिवास मंगल, तत्कालीन खनिज अभियंता, भरतपुर वर्तमान में खनिज अभियंता, कोटा, वीरेंद्र कुमार खनिज कार्यदेशक द्वितीय, राजेन्द्र सिंह तत्कालीन खनिज अभियंता, संजू सिंह तत्कालीन सर्वेयर, भीम सिंह तत्कालीन खनिज कार्यदेशक प्रथम, अभिषेक तंवर लीज मालिक, जेपी एंड ब्रॉस क्रेशर मालिक, पारस इन्फ्रा, सीडीएस इन्फ्रा, बालाजी एंड कंपनी, शुभ लाभ स्टोन क्रेशर और रॉयल्टी ठेकेदार मैसर्स देव दशरथ सहित अन्य लोगों की भूमिका संदिग्ध पाई जाने पर इनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया । एसीबी के अनुसार खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए क्रेशर मालिकों और रॉयल्टी ठेकेदारों को अवैध खनन में संरक्षण दिया गया। जिससे राज्य सरकार को राजस्व की गंभीर हानि हुई। वहीं प्रकरण दर्ज होने के बाद एसीबी द्वारा अग्रिम अनुसंधान जारी है और मामले में और भी खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम 31 से

निसं

**लोसल (नवयत्न)।** अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के ब्रह्मलीन संत लादूदास, भगतदास व बंशीदास महाराज की पुण्यतिथि सांगलिया धूणी में धूमधाम मनाई जाएगी। इस पुण्यतिथि महोत्सव कार्यक्रम पर अखिल भारतीय सांगलिया धूणी पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया है। सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर स्वामी ओमदास महाराज ने बताया कि लादूदास महाराज की 61 वीं, भगतदास महाराज की 22 वीं व बंशीदास महाराज की 9 वीं पुण्यतिथि पर धूणी में 31 जनवरी शनिवार से दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। जिसमें कार्यक्रम में पधारे हुए साधु संतों एवं उच्च कोटि के गायक कलाकारों द्वारा रात को भजनों की प्रस्तुतियां देंगे तथा एक फरवरी रविवार को सुबह सवा 9 बजे समाधि पूजन व महाआरती होगी। इसके बाद भंडारा प्रसाद वितरण होगा।

## संत मस्ताराम कुटिया में दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** स्थानीय मोडा पहाड़ के ऊपर स्थित प्रसिद्ध संत मस्ताराम कुटिया में संत मस्ताराम की 16 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर महंत फूलदास महाराज के सानिध्य में दो दिवसीय विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये गए। दीपक स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार और सोमवार को देर रात्रि तक चले धार्मिक अनुष्ठान के तहत दिन भर शेखावाटी के प्रसिद्ध धार्मिक कलाकारों द्वारा दिन भर भजन कीर्तन किया गया। वही देर रात्रि तक विशाल रात्रि जागरण आयोजित किया गया व दोनों दिन विश्व शांति और कल्याण के लिए हवन आयोजित किया गया। इसी के साथ बालाजी महाराज और शिवजी महाराज के साथ-साथ संत मस्ताराम का अभिषेक कर श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर



राजस्थान के विभिन्न जिलों से आये साधु संतों का गर्म शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। वही दिनभर आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद खाने हेतु देर रात्रि तक विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर आनंद पुजारी, कैलाश चन्द्र जांगिड़, अभिषेक टेलर, विजेंद्र सैनी, कालूराम भंडारी, दिनेश पुरोहित, पुनीत टेलर, विष्णु कुमार, दिनेश ठठेरा, राजकुमार शर्मा सहित अनेक भक्त लोग उपस्थित रहे।

## सोसायटी का स्थापना दिवस आयोजित

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ की समाजसेवी संस्था दी यंग्स वेलफेयर सोसायटी का 39वाँ स्थापना दिवस सोसायटी के लिंक रोड स्थित शांति देवी सोहनलाल भरतिया सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। सोसायटी के निदेशक रघुनंदन धरेंद्, चंद्रप्रकाश कोका और प्रदीप कुमार शर्मा के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। निदेशक रघुनंदन धरेंद्, चंद्रप्रकाश कोका और प्रदीप कुमार शर्मा ने सोसायटी की स्थापना और विकास यात्रा में योगदान देने वाले भामाशाहों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और सहयोगियों के प्रति साधुवाद ज्ञापित किया। आयोजन सचिव राकेश गहलोत ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक व्यक्तित्व और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर प्रभावी व्याख्यान दिया। वरिष्ठ सदस्य कन्हैयालाल चौमाल, नंदकुमार माटोलिया और खींवाराम शर्मा ने सोसायटी के सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। समारोह के पश्चात आयोजित जनरल मीटिंग में सचिव विष्णुदत्त धर्ड ने वार्षिक प्रतिवेदन तथा कोषाध्यक्ष दौलतराम पोद्दार ने आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। निदेशक रघुनंदन धरेंद्र ने शांति देवी सोहनलाल भरतिया सामुदायिक भवन में निर्माणाधीन चार कमरों के बारे में सदन को जानकारी दी। उपस्थित सदस्यों ने सोसायटी द्वारा शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण, खेलकूद और सांस्कृतिक क्षेत्र में विविध आयोजन के प्रस्ताव रखें जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस मौके पर जसकरण गौड़, सचिन विरमानी, गिरधारीलाल स्वामी, राजकुमार धर्ड, देवीसिंह पंवार, पवन सोलंकी, भरत बबेरवाल, मो. इमरान आदि भी उपस्थित रहे।




## मकर संक्रान्ति पर घायल पक्षियों के उपचार के लिए विशेष व्यवस्था

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जिले में 14 जनवरी 2026 को मकर संक्रान्ति के अवसर पर पतंगबाजी के दौरान घायल होने वाले पशु-पक्षियों के त्वरित उपचार की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं। सीकर नगर परिषद क्षेत्र में मकर संक्रान्ति के दिन पतंगबाजी के दौरान घायल पशु-पक्षियों के उपचार के लिए बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय, सीकर में प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक पशु चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध रहेंगी। इस के लिए डॉ. कमल मोर्य वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी मो. 9928083661 को प्रात : 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक, डॉ. दिनेश सैनी, पशु चिकित्साधिकारी मो. 8114432530 को दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक तथा डॉ. धन्नाराम जांगिड़ वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी मो. 9829531178 को सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक नियुक्त किया गया है। संकटकालीन परिस्थितियों में घायल पक्षियों के त्वरित उपचार एवं सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 9829531178 जारी किया गया है।

## सम्पादकीय

# मनरेगा की खामियां



कांग्रेस की ओर से छेड़े गए मनरेगा बचाओ अभियान के बीच ग्रामीण रोजगार गारंटी से जुड़े इस कानून के क्रियान्वयन में व्याप्त खामियों के जैसे विवरण सामने आ रहे हैं, उससे इस अभियान की निरर्थकता ही सिद्ध होती है। हाल में मात्र 55 जिलों में तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले सामने आए थे। ये घोटाले यह बता रहे थे कि मनरेगा के तहत बिना मंजूरी भुगतान करने के साथ अनावश्यक कार्यों पर पैसा खर्च किया जा रहा था। ग्रामीण विकास मंत्रालय की जांच-पड़ताल ने यह भी बताया कि मनरेगा को संचालित करने के तौर-तरीके ही ऐसे थे, जो भ्रष्टाचार को पनपने का अवसर देते थे। इस कारण करोड़ों रुपये के जो काम कागजों पर दिखते थे, वे धरातल पर नजर नहीं आते थे। चूंकि मनरेगा के जरिये होने वाले कामों के निरीक्षण की कोई ठोस व्यवस्था नहीं थी, इसलिए सरकारी धन की बंदरबाट होती रहती थी।

इसके खिलाफ कोई आवाज इसलिए अनसुनी रहती थी, क्योंकि इस बंदरबाट में सभी शामिल रहते थे। अच्छा होता कि 20 वर्ष पहले लागू किए गए इस कानून में और पहले ही परिवर्तन कर दिए जाते। ऐसा इसलिए नहीं हो सका, क्योंकि इस कानून में किसी तरह का फेरबदल राजनीतिक दृष्टि से जोखिम भरा था।

यह किसी से छिपा नहीं कि मनरेगा में बदलाव की आवाज उठाने वालों को तत्काल प्रभाव से गरीब विरोधी करार दिया जाता था। अभी जब मनरेगा के रूप-स्वरूप में परिवर्तन करते हुए उसे वीबी- जीरामजी नाम दिया गया तो मोदी सरकार को गरीब विरोधी साबित करने में एक क्षण की भी देरी नहीं की गई। कांग्रेस के मनरेगा बचाओ अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार को गरीब विरोधी साबित करना ही है, पर वह इसमें शायद ही सफल हो पाए, क्योंकि उसके पास इसका उत्तर नहीं कि मनरेगा के अमल में इतनी गड़बड़ियां क्यों हो रही थीं? आखिर रोजगार गारंटी के नाम पर हुए भ्रष्टाचार की जवाबदेही कौन लेगा?

इसकी समीक्षा क्यों नहीं की जानी चाहिए थी कि मनरेगा कानून कितना प्रभावी सिद्ध हुआ और उससे ग्रामीण क्षेत्रों में कोई बुनियादी बदलाव आ सका या नहीं? जन कल्याण और विकास की योजनाओं की समय-समय पर समीक्षा तो सरकार का दायित्व है। कोई योजना इस कारण समीक्षा से परे नहीं हो सकती कि उसे पहले की सरकार ने शुरू किया था। उचित होता कि कांग्रेस मनरेगा में बदलाव की प्रक्रिया में योगदान देती और उसमें सुधार का श्रेय खुद भी लेती, लेकिन संकीर्ण राजनीतिक कारणों से उसने यह अवसर गंवा दिया। इसमें संदेह है कि उसे मनरेगा बचाओ अभियान से किसी तरह का राजनीतिक लाभ मिलेगा, क्योंकि सभी और यहां तक ग्रामीण जनता भी यह समझ रही है कि इस कानून के पुराने स्वरूप से अपेक्षित नतीजे हासिल नहीं हो रहे थे ।ह्लह्न

## विशेष आलेख

# अपने मूल की ओर लौट रहा भारतीय युवा, घर-घर की बातचीत का हिस्सा बन गया है जेन-जी शब्द



आज-कल जेन-जी शब्द काफी पॉपुलर हो रहा है। जो आज के युवाओं को प्रतिबिंबित करता है, यानी 1995 से 2010 के बीच पैदा हुए लोग। यह पीढ़ी डिजिटल दुनिया, सोशल मीडिया व टेक्नोलॉजी के साथ बड़ी हुई है और ये अपनी तेज तर्रार सोच व बदलावों के लिए जानी जाती हैं। आज जेन-जी शब्द भारत में घर-घर की बातचीत का हिस्सा बन गया है। इस शब्द ने अपनी खुद ही कई तरह की राय बनाई है।

कुछ लोग जेन-जी पीढ़ी के जोश, आज़ादी और सोच की स्पष्टता की तारीफ़ करते हैं, तो कुछ को लगता है कि नेपाल, बंगलादेश और मेडागास्कर जैसे देशों में सरकारों को ध्वस्त करने के लिए इस पीढ़ी के अंदर का गुस्सा और बेचैनी ही ज़िम्मेदार है। इन सब बहसों के बावजूद, युवाओं में जो ऊर्जा, उत्साह और ऊंचाइयों को छू लेने की चाहत है, उसे नकारा नहीं जा सकता।

अनेक लोगों ने भारत में जेन-जी यानि युवा शक्ति को भटकाने का हर संभव प्रयास किया, मगर भारत की जेन-जी ने भारत में विनाश नहीं भारत के विकसित होने के संकल्प को चुना है, उन्होंने भारत के विकास में खुद को झोंक देने की प्रतिबद्धता को साबित किया है। आज भारत की सफलता की कहानियों में भारत के युवाओं की कहानी है। भारत की जेन-जी को 'स्व' का बोध है और इसलिए वह 'अमृत काल का अमृत वर्ग' बनकर उभरा है।

भारत का उत्थान भारत के मूल में ही समाहित है। भारत का भविष्य और उसकी प्रगति उसकी गहरी सांस्कृतिक जड़ों, समृद्ध परंपराओं, प्राचीन ज्ञान, स्वदेशी क्षमताओं और %आत्मनिर्भरता% के भाव में ही निहित है। 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 75वें स्वतंत्रता दिवस के भाषण में इस सोच को और अधिक मज़बूत किया, जब उन्होंने पंच प्रण (5 संकल्प) के बारे में बात की, उन्होंने प्रत्येक भारतीय से गुलामी की हर मानसिकता से मुक्ति और अपनी विरासत पर गर्व करने की अपील की।

आज इसी सोच को आत्मसात करते हुए भारत के युवा वर्ग ने अपनी परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक जड़ों के साथ एक सचेत जुड़ाव साबित किया है। आज के भारतीय युवा हाथ में स्मार्टफोन लेकर ग्लोबलाइज़्ड दुनिया में घूम रहे हैं, लेकिन आधुनिकता और विरासत के बीच संतुलन साधते हुए वे भारत की सदियों पुरानी परंपराओं के ज़रिए अर्थ, पहचान और निरंतरता की तलाश भी कर रहे हैं।

आज मंदिर जाना, तीर्थाटन करना, भारतीय दर्शन, योग और शास्त्रीय संगीत जैसी प्राचीन प्रथाओं में दिलचस्पी सिर्फ़ पुरानी पीढ़ियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय युवाओं के लिए ये जुड़ाव आंतरिक संतुलन की एक अद्भुत अभिव्यक्ति है। हाल ही में यह बदलाव नए साल की शाम के जश्न के दौरान युवाओं में प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दिया, जब हज़ारों युवाओं ने काशी विश्वनाथ मंदिर, राम मंदिर अयोध्या, बांकेबिहारी वृंदावन और श्री तिरुपति बाला जी के मंदिर में नए साल का स्वागत करने का फैसला किया। ऐसे समय में जब आमतौर पर शहरी त्योहारों और नाइटलाइफ़ से जुड़ा होता है, दुनिया के सबसे पुराने आध्यात्मिक केंद्रों में युवा भक्तों की भीड़ का नज़ारा गहरा सांकेतिक मतलब रखता है।

इतना ही नहीं विगत वर्ष प्रयागराज कुम्भ मेले में सबसे अधिक युवाओं की सहभागिता रही। मेरे प्रवास के दौरान मैं कई बार देखता हूँ कि अनेक युवा भारत को देखने, समझने और जानने के लिए पैदल यात्रा, साइकिल यात्रा और ट्रेन यात्रा कर रहे हैं। जो दर्शाता है कि भारत का जेन-जी इस आधुनिक युग में विकास भी और विरासत भी के मंत्र के साथ अपनी ही परंपराओं को लेकर दृढता से आगे बढ़ रहा है।

इस जेन-जी की असली ताकत को पहचानने का काम सबसे पहले स्वामी विवेकानंद ने किया। उन्होंने कहा था कि मेरा विश्वास युवा पीढ़ी पर है- आधुनिक पीढ़ी पर है। उन्ही में से मेरे कार्यकर्ता निकल कर आगे आयेंगे, जो सिंह के समान विश्व की सारी समस्याओं को सुलझा देंगे। हम देखते हैं कि आजादी के आंदोलन में इसका प्रभाव बहुत अधिक देखने को मिला, कई प्रमुख क्रांतिकारियों जैसे भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, अरबिंदो घोष, भूपेंद्रनाथ दत्त और हेमचंद्र घोष जैसे नेताओं को स्वामी विवेकानंद के साहित्य और विचारों से प्रेरणा मिली। वर्तमान में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के लिए इसी विश्वास के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे युवाओं को नीति, निर्णय और नेतृत्व में शामिल कर रहे हैं, उन्हें प्रेरित कर रहे हैं और उन्हें नए अवसर भी प्रदान कर रहे हैं।

आजादी के बाद युवा शक्ति को कई दशकों तक मुख्यधारा से अलग रखा गया, मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस शक्ति को मंच प्रदान किया। सबसे पहले उन्होंने सरकर के कई बड़े जनभागीदारी अभियानों में युवाओं को शामिल किया और युवाओं ने कर दिखाया, जैसे - स्वच्छता अभियान, हर घर तिरंगा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्त भारत और एक पेड़ माँ के नाम आदि अनेक अभियानों को हमारे युवाओं ने ही सफल बनाया है। हमारे युवाओं ने 125 से अधिक यूनिकॉर्न बनाए हैं, जो जॉब क्रिएटर के तौर पर उनकी भूमिका को मज़बूत करते हैं।

सवा सौ साल पहले स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि मुझे केवल सौ ऊर्जावान युवा दे दो और मैं इस देश का नक्शा बदल दूंगा। आज देश की आबादी बढ़ी है, मगर इस विचार को आगे बढ़ाते हुए प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 लाख युवाओं को राजनीति में आने और देश बनाने में योगदान देने की अपील की है। खासकर उन युवाओं को जिनके परिवार की पृष्ठभूमि राजनीतिक नहीं है। उन्होंने पब्लिक लाइफ में युवाओं की ज़्यादा भागीदारी पर ज़ोर दिया। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग एक ऐसा ही प्लैटफ़ॉर्म है, जिसे इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने युवा नागरिकों से उनकी उम्मीदों, चिंताओं और विचारों को समझने के लिए लगातार बातचीत की है। प्रधानमंत्री मोदी की अपील के जवाब में, भारतीय जनता पार्टी ने हाल ही में युवा नेताओं को अहम संगठनात्मक ज़िम्मेदारियाँ सौंपी हैं - जिसका उदाहरण युवा पीढ़ी से बीजेपी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति भी है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस नज़रिए को और मज़बूत करता है कि गवर्नेंस को अनुभव और इनोवेशन के बीच बैलेंस बनाना चाहिए। राजनीतिक नेतृत्व में यह एक बड़े सामाजिक बदलाव को दर्शाता है, जो तेज़ी से युवा उम्मीदों और युवा-भागीदारी के कारण आकार ले रहा है।

स्वामी विवेकानंद का यह पक्का विश्वास है कि भारत का भविष्य उसके युवाओं की ताकत, अनुशासन और नैतिक मूल्यों में निहित है। इसलिए वो अपने एक भाषण में कहते हैं कि 19वीं सदी यूरोप की थी, 20वीं सदी अमेरिका की है और 21वीं सदी भारत की सदी होगी।

स्वामी जी के अनुसार, भारत का उत्थान तभी संभव है जब हम अपनी मातृभूमि को ही अपना ईश्वर मानकर उसकी सेवा करें, अतीत के गौरव को सामने रखकर वर्तमान को श्रेष्ठ बनाएं और भारतीय संस्कृति व आध्यात्मिकता के मूल सिद्धांतों को अपनाएं। आज जब हम सब मिलकर 2047 तक एक विकसित भारत बनाने की सोच रहे हैं, तो हम देखते हैं कि इन लक्ष्यों को पाने में भारत के 'जेन-जी' की भूमिका सराहनीय है।

जी. किशन रेड्डी।

## पर्यटन समाचार

# बेहद डरावनी हैं दिल्ली की यह खास जगहें

कभी आपके किसी दोस्त ने आपको कोई पैरानॉर्मल कहानी सुनाई हो और आप सब फालतू की बातें सुनकर उन पर हंस दिए हों, तो ऐसा करने वाले आप अकेले नहीं हैं। हम अक्सर उन बातों को नहीं मानना चाहते जिसे हमने खुद देखा या महसूस न किया हो। वहीं, कुछ लोगों के लिए यह बहुत थ्रिलिंग हो सकता है। लेकिन अगर हम कहें कि दिल्ली में ऐसी कई जगह हैं, जहां लोगों ने ऐसी पैरानॉर्मल घटनाओं को महसूस किया है, तो क्या आप इस पर यकीन करेंगे।

### अग्रसेन की बावली

खूबसूरत आर्किटेक्चर की मिसाल इस बावली से कई भूतिया कहानियां भी जुड़ी हुई हैं। तीन मालों में बंटे इस स्टेप वेल के सबसे निचले हिस्से में काले रंग का पानी भरा है, जिसके ऊपर लोहे के रॉड लगे हुए हैं। इसका कारण यह माना जाता है कि कई लोगों ने इस पानी में कूद कर अपनी जान दे दी थी। ऐसा कहा जाता है कि भूतिया शक्तियों के प्रभाव से लोग इस पानी को देखकर हिप्नोटाइज होकर इस पानी में सुसाइड कर लेते थे। इसी कारण से सूरज डूबने के बाद यहां एंट्री मना है। अगर आप भी यहां जाना चाहते हैं तो सुबह 7 से शाम 6 बजे तक यहां घूम सकते हैं। इसका सबसे नजदीकी मेट्रो स्टेशन बाराखम्बा और जनपथ है।

### मलचा महल


जंगलों के बीच मौजूद इस इमारत के बारे में कहानी मशहूर है कि यहां बेगम विलायत और उनके बच्चे रहते थे, लेकिन 1993 में बेगम विलायत ने खुदकुशी कर ली थी और 2017 में बेगम के बेटे प्रिंस रजा मृत मिले थे। जिसके बाद से यह जगह हॉन्टेड जगहों में से एक मानी जाने लगी। ऐसा कहा जाता है कि यहां बेगम विलायत की रूह आज भी भटकती है। धौला कुंआ यहां का सबसे पास मैट्रो स्टेशन है, जहां से ऑटो लेकर आप आसानी से यहां पहुंच सकते हैं।

### भूली भटियारी का महल

सेन्ट्रल रिजर्व फॉरेस्ट में बनी यह इमारत दिल्ली के सबसे भूतिया जगहों में से एक है। मचला महल की तरह ही फिरोज शाह तुगलक ने यह शिकारगाह बनाया था। इस जगह से जुड़ी कई कहानियां सुनने को मिलती हैं, जिनमें से एक है कि भटियारी जाति की एक महिला रास्ता भटक कर यहां आ गई थी, जिसके बाद उसने यहां रहना शुरू कर दिया था और यहीं उसकी मृत्यु हुई थी, जिसके बाद से यहां उसकी आत्मा भटकती है। यहां शाम के बाद जाना मना है। लेकिन दिन के समय आप इस जगह की खूबसूरती का मजा ले सकते हैं। करोल बाग यहां का सबसे सबसे नजदीकी मेट्रो स्टेशन है।

### जमाली कमाली का मकबरा

मेहरौली आर्किओलॉजिकल पार्क में स्थित यह मकबरा मुगल काल के समय की आर्किटेक्चर की बहुत सुंदर मिसाल है। यहां सूफी संत जमालि और उनके शागिर्द कमाली को दफनाया गया था। इस जगह के साथ कहानी मशहूर है कि यहां जिन्न रहते हैं। लोगों ने यहां फुसफुसाने की आवाज और जैसे बगल में कोई खड़ा है ऐसी चीजें महसूस की हैं। इसके सबसे पास ग्रीन पार्क मेट्रो स्टेशन है।



### फिरोज शाह कोटला किला

फिरोज शाह तुगलक द्वारा बनवाया गया यह किला आज दिल्ली के सबसे हॉन्टेड जगहों में से एक है। इस जगह के साथ कहानी जुड़ी है कि यहां जिन्नों का बसेरा है और जो लोग इन बातों पर विश्वास करते हैं, वे यहां आकर जिन्न से अपनी प्रॉब्लम का समाधान मांगने के लिए चिट्ठी छोड़कर जाते हैं। यहां का सबसे नजदीकी मेट्रो स्टेशन दिल्ली गेट है।



# उज्जैन के आसपास हैं यह खूबसूरत जगहें, पर्यटक करें एक्सप्लोर

जब बात घूमने की आती है तो कोई भी व्यक्ति ऐसी जगह जाना चाहता है जहां आध्यात्मिक आनंद लेने का भी मौका मिले और कुछ एडवेंचर का भी लुत्फ़ उठा सकें। महाकाल की नगरी यानी उज्जैन भी कुछ ऐसी ही जगह है। शिप्रा नदी के तट पर स्थित उज्जैन मध्य प्रदेश के सबसे पवित्र शहरों में से एक है। लेकिन इस शहर की खूबसूरती जिस कदर भारत भर में प्रचलित है ठीक उसी तरह शहर के आसपास कुछ ऐसी जगहें हैं जो घूमने के लिहाज से बेहतरीन स्थान है।

### देवास

महाकाल की नगरी के आसपास अगर घूमने के लिए सबसे खूबसूरत कोई जगह है तो देवास उसमें से एक स्थान हो सकता सकता है। प्राकृतिक सुन्दरता से भरपूर इस शहर में घूमने के लिए हर दिन हजारों लोग पहुंचते हैं। देवास में आप कावड़िया हिल्स, मीठा तालाब देवास, शिप्रा बांध, पुष्पगिरी तीर्थ और शंकरगढ़ हिल्स जैसी अन्य कई जगहों पर परिवार, दोस्तों या पार्टनर एक साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।



**दूरी :** उज्जैन से लगभग 36 किमी।

### रतलाम

रतलाम मध्य प्रदेश का एक खूबसूरत जिला है। कहा जाता है कि इस खूबसूरत जिले पर किसी समय महाराज रतन सिंह का शासन था। इस शहर में एक खूबसूरत सेलाना पैलेस है और इस पैलेस के बीच में तक़रीबन 200 साल प्राचीन एक गार्डन भी है। रतलाम जिले में आप बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, कैक्टस गार्डन, धोलावाद डैम और हिमालय की तराई क्षेत्र में स्थित खरमौर अभयारण्य भी घूमने के लिए एक बेहतरीन पर्यटक स्थल है।

**दूरी :** उज्जैन से लगभग 103 किमी।

### रालामंडल वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी

रालामंडल वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी एक ऐसी जगह है जहां सिर्फ उज्जैन ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश के अन्य शहर से भी लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं। समुद्र तल से लगभग 700 से अधिक मीटर की ऊंचाई पर मौजूद यह सैंक्चुरी कई प्रवासी पक्षियों का घर भी है। अगर आप हरियाली और ठंडी हवा के बीच घूमना चाहते हैं तो फिर आपको यहां ज़रूर जाना चाहिए। इस सैंक्चुरी में घूमने के साथ-साथ आप जीप सफारी का भीलुत्फ़ उठा सकते हैं। यहां आप ट्रैकिंग भी कर सकते हैं। आपको बता दें कि अभ्यारण्य सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक ही खुला रहता है।

**दूरी :** उज्जैन से लगभग 69 किमी।

### जानापाव कुटी

ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और हरियाली से घिरा यह स्थान सैलानियों के बीच काफी लोकप्रिय है। जानापाव कुटी को भगवान पशुराम का जन्म स्थान माना है। यह कुटी (पहाड़) कई दुर्लभ औषधीय जड़ी-बूटियों के लिए भी प्रसिद्ध है। जानापाव कुटी की पहाड़ियां चंबल नदी के उद्गम स्थल के रूप में भी लोकप्रिय है। कहा जाता है कि जानापाव कुटी एक नहीं बल्कि कई लुभावने दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है। यहां आप ट्रैकिंग का भी लुत्फ़ उठा सकते हैं।

**दूरी :** उज्जैन से लगभग 98 किमी।

## आज का राशिफल

**मेष**
विद्यार्थी सफल रहेंगे। धनार्जन होगा। पूँजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें। कारोबार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें।

**वृष**
दूसरों के काम में व्यर्थ मीन-मेख न निकालें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दुःखद समाचार मिल सकता है। कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना रहेगी।

**मिथुन**
विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी। नए कार्य का आरंभ लाभदायी रहेगा। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यस्तता रहेगी।

**कर्क**
रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। प्रसन्नतावर्धक समाचार मिलेंगे। व्यापार में इच्छित लाभ होगा। लेन-देन में सावधानी रखें।

**सिंह**
कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी। पुरानी झंझटों से राहत रह पाएगी।

**कन्या**
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे। अपने व्यसनों पर काबू रखना चाहिए। विवाह संबंधी प्रस्ताव आएँगे।

**तुला**
परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है। सुख के साधन जुटेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। कानूनी बाधा दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। कुसंगति से बचें।

**वृश्चिक**
सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं। आवास संबंधी समस्या हल होने के योग हैं। संपत्ति के कार्य लाभप्रद रहेंगे। भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें।

**धनु**
सामाजिक, धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई की चिंता रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**मकर**
उतावली में कोई काम न करें। पुरानी संपत्ति के रख-रखाव पर धन खर्च हो सकता है। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक करेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे।

**कुंभ**
अधिकारी आपकी कार्यशैली से नाराज हो सकते हैं। परिश्रम के अनुरूप सफलता नहीं मिलेगी। संतान की इच्छा पूरी होगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। घर-बाहर तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मीन**
यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बाँटना आवश्यक है। आर्थिक कामों में परेशानी आने की संभावना है।

# बकाया कर पर चार संपत्तियों की कुर्की



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम द्वारा नगरीय विकास कर की वसूली को लेकर लगातार सख्त प्रयास किए जा रहे हैं। जहां नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार जोन स्तर पर वृहद अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को विद्याधर नगर जोन में बड़ी कार्रवाई करते हुए बकाया नगरीय विकास कर के चलते चार संपत्तियों की कुर्की की गई। उपायुक्त करणी सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान एक संपत्ति धारक ने मौके पर ही राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में ब्याज व पेनल्टी पर दी जा रही छूट का लाभ लेते हुए बकाया नगरीय विकास कर की राशि निगम कोष में जमा करवा दी। इसके बाद उक्त संपत्ति को कुर्की से मुक्त कर दिया गया। शेष तीन संपत्तियों पर राजस्व अधिकारी डॉ. सरोज पारीक, राजस्व निरीक्षक चंद्रमोहन महावर तथा संबंधित फर्म की संयुक्त टीम द्वारा कुर्की की कार्रवाई की गई। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नगरीय विकास कर की बकाया राशि जमा नहीं कराने वाले संपत्ति धारकों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# सीटू का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन 19 जनवरी को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) द्वारा 19 जनवरी को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में मजदूर विरोधी बताई जा रही चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को रद्द करने, निजीकरण पर रोक लगाने, आंगनबाड़ी कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, न्यूनतम वेतन 26000 रुपए मासिक निर्धारित करने तथा भवन निर्माण मजदूरों के बच्चों की छात्रवृत्ति व अन्य सहायता जारी करने की मुख्य मांगें रखी जाएंगी। सीटू जिला महामंत्री बृजसुंदर जांगिड़ ने एक बयान जारी कर बताया कि 19 जनवरी 1982 को सीटू द्वारा पहली देशव्यापी आम हड़ताल कर मजदूर विरोधी नीतियों का विरोध किया गया था। उस हड़ताल के दौरान पुलिस कार्रवाई में 10 मजदूर, किसान व खेत मजदूर शहीद हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान केंद्र सरकार मजदूरों द्वारा संघर्ष से हासिल 44 श्रम कानूनों को समाप्त करके 21 नवंबर 2025 को चार श्रम संहिताएं लागू कर चुकी है, जो मजदूर विरोधी हैं। जांगिड़ ने यह भी सूचित किया कि इन संहिताओं को रद्द करवाने के लिए ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा 12 फरवरी को एक बार फिर देशव्यापी आम हड़ताल का आयोजन किया जाएगा।

# रिटायर्ड एम्पलाइज एसोसिएशन की बैठक आयोजित



मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** रिटायर्ड एम्पलाइज एसोसिएशन की एटक शाखा सीकर आगार की बैठक संगठन के अध्यक्ष पोखर राम कुड़ी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में रिटायर्ड कर्मचारियों की लंबित मांगों और आगामी प्रदर्शन कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। प्रदेश सचिव प्रभु दयाल बाजिया ने बताया कि संगठन की मुख्य मांग है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार 4 अक्टूबर 2016 और 4 अक्टूबर 2022 हायर पेंशन से जुड़े विकल्प पत्रों को बिना किसी अड़चन के स्वीकार किया जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से इस मुद्दे पर संघर्षरत हैं और 10 दिसंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे। बावजूद इसके सरकार द्वारा मांगों को गंभीरता से नहीं लिए जाने के कारण कर्मचारियों को विरोध के रास्ते पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। एटक के सदस्य विनोद कुमार दायमा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार श्रम संहिताओं के विरोध में बिजली संशोधन विधेयक 2025 और वीबी-जीआरएजीएम अधिनियम 2025 के खिलाफ तथा अन्य मांगों को लेकर संगठन के कर्मचारी व पदाधिकारी 27 जनवरी को जयपुर में प्रदेश नेतृत्व के सानिध्य में आयोजित प्रदर्शन में भाग लेंगे।

# कंबल वितरित, युवाओं से चाइनीज मांझा बहिष्कार की मांग



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सर्दी के बढ़ते प्रकोप के बीच श्री मानव सेवा संस्थान की ओर से जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर मानवता की मिसाल पेश की गई। संस्थाध्यक्ष एवं समाजसेवी भंवरलाल जांगिड़ के नेतृत्व में यह अभियान देवीपुरा बालाजी मंदिर प्रांगण, कच्ची बस्तियों, जनाना अस्पताल, श्री कल्याण चिकित्सालय सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में चलाया गया। समाजसेवी भंवरलाल जांगिड़ ने कहा कि ठंड में कंबल बांटना केवल सहायता नहीं बल्कि मानवता का सच्चा परिचय है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से आगे आकर ऐसे प्रयासों में भाग लेने की अपील की।

### मकर संक्रांति पर विशेष अपील

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जांगिड़ ने युवाओं से मार्मिक अपील करते हुए कहा चाइनीज मांझे का बहिष्कार करें। यह सिर्फ पतंग उड़ाने का साधन नहीं बल्कि इंसानों के लिए मौत का फंदा और पक्षियों के लिए क्रूर जाल है। उन्होंने बताया कि इससे गंभीर चोटें आती हैं, पक्षियों की जान जाती है और पर्यावरण को नुकसान होता है। संस्था पदाधिकारी टोडरमल फौगावट ने कहा कि भंवरलाल जांगिड़ का यह सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर योग गुरु महावीर जांगिड़, मुकेश चाहल्या, कृष्ण जांगिड़ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पैंथर को ट्रेंकुलाइज एवं रेस्क्यू विशेष टीम की स्थापना करे : सांसद अमराराम

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** मंगलवार को सीकर लोकसभा सांसद अमराराम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीकर जिले में पैंथर, नीलगाय सहित अन्य वन्यजीवों के कारण होने वाले मानव-वन्यजीव संघर्ष की वर्तमान स्थिति, प्रभावित क्षेत्रों नुकसान के आंकड़ों तथा इसे नियंत्रित करने के व्यावहारिक उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई। उपवन संरक्षक दीपक कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि पिछले तीन वर्षों में जिले में आठ बार पैंथर का रेस्क्यू किया जा चुका है जबकि नीलगाय से संबंधित शिकायतें लगभग रोजाना प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने संसद की पार्लियामेंट्री कमेटी तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देश पर इस कार्यशाला के आयोजन का उल्लेख किया। बैठक के अध्यक्ष सांसद अमराराम ने बढ़ते मामलों पर चिंता जताई और अपने सुझाव दिए । उन्होंने मांग की कि पैंथर को ट्रेंकुलाइज एवं रेस्क्यू करने वाली विशेष टीम की स्थापना सीकर जिले में ही की जाए क्योंकि जयपुर से टीम बुलाने में होने वाली देरी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में मानव-पशुधन तथा फसलों को अतिरिक्त नुकसान उठाना पड़ता है। साथ ही उन्होंने विशेष रूप से यह जोर दिया कि रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान फसल खराब होने पर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने का स्पष्ट एवं प्रभावी प्रावधान किया जाए।

# मकर संक्रांति : पतंगों की जमकर खरीदारी

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** कस्बे में मकर संक्रांति पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने जहां मकर संक्रांति पर्व को लेकर रसम निभाने के लिए घेवर, जलेबी, उपहार व दान-पुण्य करने के लिए सामान की खरीदारी की। वहीं बच्चों व युवाओं ने पतंगबाजी का लुफ्त उठाने के लिए जमकर पतंग की खरीदारी की। मकर संक्रांति पूर्व को लेकर मंगलवार को पूरे दिन भर कस्बे के बाजार में काफी चहल पहल रही।

कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित पतंग विक्रेता बाबूलाल सैनी ने बताया इस बार मकर संक्रांति पर्व पर पतंगबाजी को लेकर बच्चों व युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है बच्चों व युवाओं के साथ-साथ युवतियों ने भी पतंगबाजी के लिए पतंगों की जमकर खरीदारी की।

# परिवहन सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** केपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में परिवहन सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अधिकारी सुरेश बिश्नोई ने विद्यालय के ड्राइवरों को बाल वाहिनी एवं परिवहन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित रूप से स्कूल लाने-ले जाने, बसों को निर्धारित नियमों के अनुसार चलाने, गति सीमा का पालन करने तथा वाहनों की नियमित जांच पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें ड्राइवरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर संस्था निदेशक डॉ ओमप्रकाश गोदारा ने परिवहन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को अत्यंत उपयोगी बताया।

# मायरो कथा में सुनाया नरसी भक्त द्वारा भात भरने की तैयारी का प्रसंग

निसं



**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** क्षेत्र की प्रसिद्ध श्रीकृष्ण गौशाला एवं नंदीशाला संस्थान चंवरा हीरवाना में मकर संक्रान्ति के अवसर पर बामलास धाम के महंत लक्ष्मण दास महाराज के सानिध्य में चल रही नानी बाई रो मायरो कथा में कथावाचक आचार्य विपुल शास्त्री ने नरसी भक्त द्वारा ज्ञानदास और सूरदास को साथ लेकर नानी बाई के मायरा भरने की तैयारी करने का प्रसंग सुनाया। कथावाचक ने कहा कि नरसी भक्त ने भगवान के नाम पर 56 करोड़ की माया लुटा दी थी। इसके बाद उनके पास कुछ भी नहीं बचा था। ऐसे में भात भरने के लिए उनके पास फूटी कोड़ी भी नहीं थी। भक्त नरसी भगवान से करुण पुकार कर राग केदारी गाते हैं और भगवान को बुलाते हैं। नरसी के बुलाने पर भगवान स्वयं किशना खाती का रुप धारण कर आते हैं तथा भक्त नरसी को ढांढस बंधाते हैं और अंजार नगर में मायरा भरने की तैयारी करते हैं। बीच-बीच में भजनों की रंगारंग प्रस्तुतियों से श्रोता झूम उठे। आज कथा में नानी बाई के मायरा भरा जाएगा और इसी के साथ कथा का समापन भी होगा। मकर संक्रांति के दिन आसपास के काफी गांवों के लोग गौशाला में गौ माता के लिए अपनी इच्छा अनुसार दान दक्षिणा देते हैं। इस दौरान रघुनाथ दास महाराज, मोहनदास महाराज, नंदीशाला अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा, गौशाला अध्यक्ष शीशराम खटाणा, कोषाध्यक्ष बनवारीलाल जांगिड़, राजस्थान परिवहन निगम झुंझुनू आगार मुख्य प्रबंधक गिरिराज स्वामी, राजेन्द्र दोराता, रामपाल रावत, गजराज सिंह शेखावत, कैलाश चंद्र सहल, जगमोहन शर्मा, शेरसिंह खटाणा, बुद्धि प्रकाश सोनी, बाबूलाल शर्मा, रामकरण रावत, महावीर रावत, गिरधारी रावत, भाताराम रावत, मुकेश दाधीच, जयकिशन शर्मा, प्रहलाद बराला, चोथमल जांगिड़ सहित काफी संख्या में भक्त श्रद्धालु मौजूद रहे।

# राजस्थान चैंबर में तुर्की प्रतिनिधिमंडल संग व्यापार एवं निवेश संवाद

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वावधान में तुर्की से आए खाद्य क्षेत्र के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ चैम्बर भवन में विशेष मीट एंड ग्रीट एवं बी2बी इंटरैक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवाद का उद्देश्य भारत-तुर्की के बीच खाद्य व्यापार, निर्यात-आयात सहयोग, निवेश संभावनाओं और दीर्घकालिक व्यावसायिक साझेदारी को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चैम्बर अध्यक्ष डॉ. के. एल. जैन ने कहा कि राजस्थान का निर्यात आधार विविध और सशक्त है, जिसमें मसाले, दालें, अनाज, तिलहन, ग्वार गम, इसबगोल तथा वैल्यू-एडेड व प्रोसेस्ड फुड उत्पादों का प्रमुख योगदान है। उन्होंने बताया कि फुड प्रोसेसिंग, ऑर्गेनिक व एग्री-वैल्यू एडिशन जैसे उभरते क्षेत्र राज्य के निर्यात को नई दिशा देंगे।

तुर्की प्रतिनिधिमंडल में मसाले, अनाज, प्रोसेस्ड व पैकेज्ड फुड से जुड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

# शेखावाटी प्रेस क्लब की बैठक आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** शेखावाटी प्रेस क्लब के पदाधिकारियों की बैठक बजरंग कांटा स्थित प्रेस क्लब में मंगलवार को हुई। संरक्षक रमेश शर्मा व महामंत्री कार्तिकेय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में पदाधिकारियों व सदस्यों के बीच चर्चा हुई कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किये जाने वाले पत्रकारों के नाम तय किए जाए। चर्चा के बाद आपसी सहमति से दो पत्रकारों के नाम तय किए गए। यह भी तय किया गया कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को प्रेस क्लब में सुबह 8:30 बजे झंडारोहण किया जाएगा। बैठक में पत्रकारों के विभिन्न मुद्दों को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान संरक्षक रमेश शर्मा, महामंत्री कार्तिकेय शर्मा, सच्चानंद थदानी, फुलसिंह निर्वाण, लक्ष्मीकांत जोशी, जितेंद्र माथुर, रफीक बहलीम, द्वारका माथुर, सुशील जोशी, जगदेव सिंह पंवार, रहीस खान, विनोद धायल आदि मौजूद रहे।

# विद्याश्रम स्कूल ने पतंग वितरण से फैलाया सेव लाइफ अभियान



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** विद्याश्रम स्कूल ने मकर संक्रांति के अवसर पर केवल पतंग वितरण तक ही सीमित न रहकर एक सामाजिक संदेश का बीड़ा उठाया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को दी गई पतंगों पर नो चाइनीज मांझा, सेव लाइफ, सेव बर्ड्स, नो प्लास्टिक और प्रकृति बचाओ जैसे जागरूकता संदेश अंकित थे। संस्था निदेशक मंजू लाटा ने बताया कि पतंग केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि यह जीवन में ऊँचाइयों को छूने, संतुलन बनाए रखने और सही दिशा में आगे बढ़ने का प्रतीक है। इसके माध्यम से बच्चों व समाज को सुरक्षित व पर्यावरण-हितैषी त्योहार मनाने का महत्व समझाया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद् राकेश कुमार लाटा, प्रिंसिपल पायल शुक्ला, फैकल्टी हेड बिन्सी थॉमस, कोऑर्डिनेटर चंदा शर्मा सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यालय का यह प्रयास सामाजिक सरोकारों से जुड़ाव और नई पीढ़ी को जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल मानी जा रही है।

# भाईचारे और श्रद्धा के साथ मनाई लोहड़ी

मुहम्मद सादिक

**सीकर (नवयत्न)।** श्री कल्याण गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा, पोलो ग्राउंड स्थित में लोहड़ी का उत्सव बड़ी श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में गुरबाणी कीर्तन, रहरास साहिब का पाठ और अरदास का पवित्र आयोजन किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने गुरु ग्रंथ साहिब से हुक्मनामा सुनकर दिशा-निर्देश प्राप्त किए। कार्यक्रम के उपरांत सभी उपस्थित लोगों के बीच पौष के बड़े, मूंगफली, रेवड़ी और पॉपकॉर्न का प्रसाद बांटा गया।

इस अवसर पर सभी धर्मों और समुदायों के लोगों ने भाग लेकर सांप्रदायिक सद्भाव और एकता का संदेश दिया। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने बताया कि इस पावन अवसर पर लोहड़ी की परंपरा और धर्म के सिद्धांतों के अनुरूप समाज में प्रेम, साझेदारी और उल्लास बांटने का प्रयास किया गया।

# पतंगों के संग एस एस मोदी ने मनाया मकर संक्रांति व लोहड़ी पर्व

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर के गौरव पथ पर स्थित एस एस मोदी विद्या विहार में मकर संक्रांति एवं लोहड़ी का पर्व बड़े ही उत्साह, उमंग और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, पतंगों और पारंपरिक प्रतीकों से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य विजय मसीह ने मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए की। उन्होंने बच्चों को बताया कि मकर संक्रांति सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक है, वहीं लोहड़ी फसल उत्सव के रूप में मनाई जाती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा लोकगीत, नृत्य प्रस्तुत किए गए। पंजाबी लोकनृत्य और पारंपरिक गीतों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर में लोहड़ी अग्नि के चारों ओर पारंपरिक रूप से नृत्य कर खुशियाँ मनाई गई। महिला स्टाफने पारंपरिक पंजाबी सूट पहने हुए लोकनृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दी।

साथ ही तिल, गुड़, मूंगफली एवं रेवड़ी के प्रतीकात्मक महत्त्व को रेखांकित करते हुए एकता, मधुरता और अपासी सौहार्द का संदेश दिया।

सीनियर बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ मिलकर पतंगबाजी का आनंद लिया। विद्यालय परिसर में रंग-बिरंगी पतंगों से आकाश आच्छादित हो गया।

सुसज्जित आकाश ने मकर संक्रांति के उल्लास को और भी जीवंत बना दिया। पतंगबाजी के माध्यम से विद्यार्थियों ने टीम भावना, अनुशासन और सुरक्षित खेल के महत्त्व को भी समझा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े रहने का संदेश दिया तथा सुरक्षित पतंगबाजी एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल दिया। अंत में सभी ने एक दूसरे को मकर संक्रांति और लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। आयोजन अनुशासन और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकान्त मोदी, गीलुराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी, कनिका मोदी व विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल ने लोहड़ी व मकर संक्राति पर्व पर बधाई संदेश प्रेषित किया।

# कृति कंवर के गोल्ड प्रदर्शन से राजस्थान को मिला बास्केटबॉल में पहला स्वर्ण

मुहम्मद सादिक



**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान की महिला बास्केटबॉल टीम ने बाड़मेर में आयोजित 69वीं नेशनल स्कूल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। इस ऐतिहासिक जीत में सीकर जिले के थोरासी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 11वीं की छात्रा कृति कंवर ने टीम में अहम भूमिका निभाते हुए गोल्डन गर्ल का दर्जा हासिल किया है। प्रशिक्षक डॉ दीपिका अरोड़ा के तीन साल के कुशल मार्गदर्शन और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत का यह सुनहरा परिणाम सामने आया है। टीम पहले कांस्य और रजत पदक तक ही पहुंच पाई थी लेकिन इस बार उन्होंने स्वर्ण पदक का लक्ष्य हासिल कर नया इतिहास रच दिया। कृति की इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल के प्रधानाचार्य किरण फेनिन, कोच दीपसिंह सुबेदार, शिक्षकों और ग्रामवासियों ने खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस सत्र में थोरासी स्कूल के 16 खिलाड़ियों ने राज्य स्तर और 4 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर विद्यालय को खेल जगत में एक नई पहचान दिलाई है।

# समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकताओं को देगा नई दिशा : गर्ग





निसं

**उदयपुर ( नवयत्न )।** पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन की जिला इकाई उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आशीष वाटिका के मनोरम परिसर में विराट विवाह योग्य अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के न्यायमूर्ति विनित कुमार माथुर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व न्यायमूर्ति राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के मनोज गर्ग थे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में जिला एवं सेशन न्यायाधीश उदयपुर ज्ञानप्रकाश गुप्ता उपस्थित थे। वहीं समारोह की अध्यक्षता पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष केके गुप्ता थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपा माथुर, संगीता गर्ग, प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री संजय निमोदिया, उपाध्यक्ष वीणा अग्रवाल, रविंद्र अग्रवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अल्का मूंदड़ा, भाजपा वरिष्ठ नेता दिनेश भट्ट, उद्योगपति राकेश गुप्ता, नटवरलाल खेतान, उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल, परिचय सम्मेलन के मुख्य संयोजक सुरेश अग्रवाल, महिला समिति जिलाध्यक्ष सुशीला गुप्ता आदि उपस्थित थे। जिला महामंत्री चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि समारोह का आरंभ अतिथियों द्वारा भगवान अग्रसेन एवं माता महालक्ष्मी की तस्वीर पर माल्यार्पण, सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम के गान के साथ हुआ। मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के न्यायमूर्ति विनित कुमार माथुर ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे विराट आयोजन को आयोजित करना आसान कार्य नहीं है। केके गुप्ता के नेतृत्व एवं पूरी टीम को यह श्रेय जाता है। वर्तमान समय में समाजों में लड़के-लड़कियों के रिश्तों के लिए जो उलझनें आ रही है। उसके लिए यह अति सार्थक प्रयास है। परिचय सम्मेलन के रूप में जो आयोजन हुआ है। लगता है जैसे अग्रवाल समाज का महाकुंभ हो। उदयपुर सहित राजस्थान एवं अन्य प्रदेशों से हजारो की संख्या में अग्र बन्धुओं की उपस्थिति ही इस सम्मेलन की सफलता दर्शाती है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता के लिए इस प्रकार के आयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण है। संस्कृति और संस्कार का जीवन में महत्व बताने का कार्य करना चाहिए। जिससे समाज को आने वाली पीढ़ी का महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त हो सके। मुख्य वक्ता पूर्व न्यायमूर्ति राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के मनोज गर्ग ने कहा कि उदयपुर अग्रवाल समाज द्वारा केके गुप्ता नेतृत्व में आयोजित यह विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन मील का पत्थर बनेगा। आज के समय में सुयोग्य वर-वधु का चयन करना बड़ा ही मुश्किल कार्य हो रहा है। जिसमें सहजता और सरलता प्राप्त होगी जो भी रिश्तें बनेंगे परिवार, समाज एवं देश के लिए उपयोगी होंगे। आज का यह दिन अग्रवाल समाज के लिए पर्व के रूप में सुखद अनुभूति देगा। इस अवसर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, वीणा अग्रवाल एवं प्रदेश महामंत्री संजय निमोदिया ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में लक्की ड्रॉ किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय के साथ छह जनों को कार्यक्रम में सम्पूर्ण समय रहने के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री चंचल कुमार अग्रवाल, युवा अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल एवं महिला महामंत्री नीतू गुप्ता ने किया। धन्यवाद की रस्म प्रदेश महामंत्री संजय निमोदिया ने प्रदान की।

## एक और संदेशपरक कार्यक्रम का लिया संकल्प

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष केके गुप्ता ने इस परिचय सम्मेलन में पधारे उदयपुर सहित राजस्थान एवं समस्त पड़ौसी प्रदेशों के सैंकड़ों प्रतिभागियों सहित हजारों अभिभावकों एवं समाजजनों का भाव विहल होकर स्वागत करते हुए कहा कि इस सम्मेलन में अधिक से अधिक विवाह योग्य जोड़े बने और उनका सामूहिक विवाह में फिर से एक विशाल कार्यक्रम का महाआयोजन किया जाए। इसका लक्ष्य समाज ने लिया है। समाज को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज धीरे-धीरे उन्नति और तरक्की की और अग्रसर है। हमनें जिनको सुना है वह कोई साधारण व्यक्तित्व नहीं है यह वह प्रतिष्ठित व्यक्तित्व है जिन्होनें हमें समाज की दशा और दिशा सुधारने के टिप्स दिए है। यह वह लोग है जिनके देश और दुनियां में न्याय व ईमानदारी के चर्चे होते है ऐसे अतिथि हमारे बीच है जिनका आज आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। जो संदेश अतिथियों ने दिया समाज सौ प्रतिशत उनकी कसौटी पर खरा उतरेगा यह विश्वास दिलाते है। गुप्ता ने कहा कि अग्रवाल समाज सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला और सबसे ज्यादा आर्थिक क्षमता तथा ज्यादा रोजगार देने वाला समाज है। जो देश का नेतृत्व कर सकता है। परंतु हमारी एकजुटता की कमी से हम राजनीतिक रूप से पिछड़े हुए है। सबसे ज्यादा आर्थिक सहयोग करने वाले इस समाज को राजनीतिक दल क्षमता के अनुरूप स्थान नहीं मिल रहा है। बात सभी समाज के बन्धुओं विशेषकर युवाओं को समझनी होगी और राजनीति से विरक्तता के भाव से हटकर राजनीति में प्रत्यक्ष से अपनी सहभागिता के लिए ताल ठोंकनी होगी। जब तक सामाजिक रूप से हम संगठित नहीं होंगे हमारा शोषण होता रहेगा। उन्होंने कहा कि भगवान अग्रसेन के सिद्धांत एक रूपया-एक ईंट यदि माने तो आज भी प्रांसगिक है। हमारे समाज का व्यक्ति बुद्धिजीवी और युवा सक्षम एवं योग्य है। परंतु हमारे समाज के युवा सिविल सेवा एवं प्रशासनिक सेवाओं से दूर हो रहे है। जबकि पहले के समय में इन सभी पदों पर अग्रवाल समाज के व्यक्ति आसीन हुआ करते थे। यह चिंता का विषय है। हमने विगत माह में अग्रवाल समाज के 19 उन प्रतिभाओं का सम्मान किया जो जज के रूप में नियुक्त हुए। उनमें 17 लड़कियां एवं 2 लड़के थे। आज की इस प्रतिर्स्पधा के युग में हमारे बच्चें डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड एकाउटेंट बनने की चाह रखते है समाज के बन्धुओं से निवेदन है वह अपने बच्चों को सिविल सेवा के लिए तैयार करें बिना इसके समाज और परिवार का उद्धार नहीं हो सकता।

## सम्मेलन में परिचय दिया बेबाकी से

परिचय सम्मेलन में दस-दस युवक युवती प्रतिभागियों ने बारी बारी से मंच पर अपना सम्पूर्ण परिचय बड़ी ही बेबाकी से दिया। अपने बारे में बताते हुए भावी जीवनसाथी की कल्पना को भी साझा किया। सौ से भी ज्यादा युवक युवतियों की कुंडलियों का उनके अभिभावकों ने मिलान किया। जिनके जोड़े बनने पर सामूहिक विवाह का आयोजन भी जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा किया जाएगा। परिचय सम्मेलन के मंच पर सीए यशवंत मंगल, मिनाक्षी अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, आभा अग्रवाल, सुरभि गोयल ने बड़े ही कुशलतापूर्वक संचालन करते हुए मंच पर आए युवक युवतियों का परिचय करवाया।

## समाज की श्रेष्ठ प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

परिचय सम्मेलन के मंच पर अग्रवाल समाज की उन विभूतियों एवं प्रतिभावों का सम्मान किया गया। जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किया। जिसमें नारायण सेवा संस्थान की निदेशक वंदना अग्रवाल, तारा वृद्धाश्रम के निदेशक दिपेश मित्तल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आरके अग्रवाल, साईकिलिंग में कीर्तिमान स्थापित करने वाले ओर्थोपेडिक सर्जन डॉ मनीष अग्रवाल, राजकीय चिकित्सालय में हर पल हर रोगी और उसके परिजन को सेवा देने वाले राजेश अग्रवाल, भजन गायिका इशिता गोयल, गरबा रास में कौशल दिखाने वाली पूजा अग्रवाल एवं मेहंदी में सिद्धहस्त रेखा अग्रवाल को मंचासीन अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

## इनकी रही मौजूदगी और सहयोग

समारोह में परिचय सम्मेलन को सफल बनाने में जिला अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल, मुख्य संयोजक सुरेश अग्रवाल, महामंत्री चंचल कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, सांस्कृतिक मंत्री सीपी बंसल, सुरेंद्र अग्रवाल, जगदीप मंगल, संतोष गोयल, हिमकुमार ऐरन, भजनलाल अग्रवाल, आरके अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, डॉ प्रभा गुप्ता, अंजली गुप्ता, अंजना अग्रवाल, शीला अग्रवाल, ओमप्रकाश गुप्ता, विमल मंगल, सुशीला गुप्ता, सुधा अग्रवाल, अंजना मित्तल, नीतू गुप्ता, कुसुम मेड़तिया, आशा अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, कुसुम गोयल, दिपाली ऐरन, प्रिया मित्तल, संतोष पीत्ति, सुषमा झुंझुनूंवाला, डॉ नवनीत अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, नलिन गुप्ता, नितेश बैराठी, पंकज अग्रवाल, नीरज गुप्ता, योगेश गोयल, शोभित अग्रवाल, अमित अग्रवाल, हनुमान गुप्ता, राजेश अग्रवाल को प्रदेश संगठन की और से प्रदेश अध्यक्ष केके गुप्ता, प्रदेश महामंत्री संजय निमोदिया ने सम्मानित किया।

## 650 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित

निसं.

**तारानगर ( नवयत्न )।** गाजुवास गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मदनलाल, बुधमल व सुभाष पांडिया की ओर से अपने पिता नानकराम पण्डिया की स्मृति में गाजुवास पीईईओ क्षेत्र के समस्त सरकारी विद्यालयों के 650 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण की व विशेष भोजन करवाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता पराक्रम राठौड़, सीबीईओ बबलेश शर्मा, पीईईओ मदनलाल, अजीतसिंह राठौड़, अनूप खण्डेलवाल, हरि इंदौरिया, सुखाराम तिवाड़ी, विद्याधर, मनोज कुमार, केदारमल, शिवभगवान, ईश्वरराम आदि अनेक ग्रामीण तथा शिक्षक मौजूद थे।

## कच्ची बस्ती के बच्चों में बाटे पतंग और तिल के लड्डू

मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** मकर संक्रांति के पावन त्योहार पर विश्व हिंदू परिषद की जिला उपाध्यक्ष व गौ सेविका ज्योति तनवानी ने रानी सती रोड स्थित कच्ची बस्ती में एक विशेष सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान बस्ती में रहने वाले बच्चों और मातृशक्ति के बीच पतंग, तिल के लड्डू, बिस्किट और कुरकुरे जैसे स्वादिष्ट पकवान वितरित किए गए। तनवानी ने कहा कि त्योहारों की खुशियाँ हर वर्ग तक पहुँचनी चाहिए, खासकर कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि के परिवारों और बच्चों तक। उन्होंने सभी से अपील की कि समाज के हर तबके के साथ मिलकर त्योहार मनाए ताकि सभी में उल्लास और भाईचारे की भावना बढ़े। इस सेवा कार्यक्रम में मंजू पेसवानी, सारिका पेसवानी, निशा, बिमला, अरुणा सहित कई स्थानीय महिला सहयोगी और बस्ती के बच्चे व माताएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बच्चों के लिए बाल संस्कार केंद्र में भी पतंगबाजी और त्योहार की परंपराओं से जुड़ी जानकारी साझा की गई।

## श्रीराम गऊनंदी शाला में होगा तुलादान महोत्सव

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** इलाके में कई जगहों पर तुलादान महोत्सव मनाया जा रहा है, खासकर मकर संक्रांति के अवसर पर, जहाँ लोग अपने वजन के बराबर अन्न, अनाज, वस्त्र, गुड़, तिल, घी, फल, औषधियाँ या अन्य वस्तुएँ दान करते हैंय इससे आत्मशुद्धि, ग्रह दोष मुक्ति और आध्यात्मिक लाभ मिलते हैं, विशेषकर गोशालाओं में किया गया तुलादान फलदायी माना जाता है, और इस बार मकर संक्रांति पर एकादशी तिथि का दुर्लभ संयोग है। निकटवर्ती ग्राम पंचायत हांसपुर की श्रीराम गऊनंदी शाला के संचालक बनवारी लाल मीणा ने बताया कि तुलादान का अर्थ: तुला तराजू और दान देना से मिलकर बना है, जिसमें व्यक्ति को तराजू के एक पलड़े पर बैठाकर, दूसरे पलड़े पर उसके वजन के बराबर अनाज, फल या अन्य सामग्री रखकर दान किया जाता है। इसका महत्व: यह आत्मशुद्धि, पापों का प्रायश्चित, ग्रह दोषों से मुक्ति, स्वास्थ्य लाभ और मानसिक शांति के लिए किया जाता है। इसी को लेकर आस पास के इलाकों में जोर शोर से प्रचार किया जा रहा है और 14 जनवरी बुधवार को होने वाले तुलादान महोत्सव के बारे में आमजन को तुलादान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## हार्ट अटैक के रिस्क को कम करते हैं ये फूड्स

कुछ समय पहले तक, दिल की समस्याएं बढ़ती उम्र में लोगों में देखी जाती थी, लेकिन अब कम उम्र में भी लोगों को दिल की बीमारी से लेकर हार्ट अटैक जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हार्ट अटैक एक ऐसी समस्या है, जो आपकी जान पर भी खतरा बन सकती है। कुछ लोगों को समय पर सही इलाज ना मिलने से हार्ट अटैक के कारण अपनी जान तक गंवानी पड़ती है। हार्ट अटैक आमतौर पर तब होता है, जब रक्त का थक्का हृदय में रक्त के प्रवाह को अवरुद्ध कर देता है। रक्त के बिना, टिश्यू ऑक्सीजन खो देता है और मर जाता है। हार्ट अटैक किसी को कभी भी व किसी भी उम्र में हो सकता है। इससे बचाव का सबसे अच्छा तरीका माना जाता है अपने लाइफस्टाइल में बदलाव करना। साथ ही, खानपान की आदतें भी दिल को हेल्दी बनाए रखने में अहम् भूमिका निभाती हैं।

**नट्स :** रोजाना नट्स खाने से दिल से जुड़ी बीमारियों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। नट्स में अनसैचुरेटिड फैट पाया जाता है। वे खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करके और गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रामें सुधार करते हैं, जिससे हार्ट हेल्थ को बढ़ावा मिलता है। साथ ही, नट्स में ओमेगा -3 फैटी एसिड और अमीनो एसिड होता है जो रक्त प्रवाह को आसान बनाने में मदद करता है। अखरोट हेल्दी हार्ट के लिए सबसे अच्छे माने जाते हैं, जो हार्ट अटैक के रिस्क को भी कम करने में मददगार होते हैं।

**होल ग्रेन :** होल ग्रेन जैसे ब्राउन राइस और पॉपकॉर्न से बने खाद्य पदार्थ आपके दिल के लिए बहुत अच्छे हो सकते हैं क्योंकि इनमें फाइबर होता है। इन्हें हृदय रोग के जोखिम को कम करने के लिए जाना जाता है। इसी तरह ओटमील में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप को कम करने की क्षमता होती है।

**दाल :** जब बात हृदय को स्वस्थ रखने और हार्ट अटैक के रिस्क को कम करने की हो तो ऐसे में दाल का सेवन करना बेहद आवश्यक होता है।

इनमें फोलेट, उच्च फाइबर और मैग्नीशियम सामग्री होती है। इसमें भी मसूर की दाल का सेवन करना विशेष रूप से लाभकारी माना गया है। हर व्यक्ति को इसे अपनी डाइट में अवश्य शामिल करना चाहिए।

**फैटी फिश :** फैटी फिश जैसे साल्मन, सार्डिन और मैकेरल को हेल्दी हार्ट के लिए सबसे अच्छा भोजन माना जाता है। ऐसी मछलियों में प्रचुर मात्रा में ओमेगा -3 फैटी एसिड की उपस्थिति अनियमित दिल की धड़कन के जोखिम को कम करने में मदद करती है। यह धमनियों में प्लाक के निर्माण को कम करने में भी मदद करता है। फैटी फिश का नियमित रूप से सेवन करने वाले व्यक्तियों के शरीर में हानिकारक ट्राइग्लिसराइड्स की उपस्थिति भी कम हो जाती है। अगर आप भी नॉन-वेजिटेरियन हैं या सी-फूड खाती हैं तो फैटी फिश को अपनी डाइट का हिस्सा अवश्य बनाएं।

**लहसुन :** लहसुन किसी भी डिश के स्वाद को बेहतर बनाने में मदद करता है और इसमें कई महत्वपूर्ण औषधीय गुण भी होते हैं। खासतौर से, अगर आप अपेन दिल को अधिक हेल्दी बनाना चाहती हैं तो आपको लहसुन को अपनी डाइट का हिस्सा अवश्य बनाना चाहिए। लहसुन में कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप को कम करने की क्षमताहोती है और यह रक्त प्रवाह को भी बेहतर बनाता है। शोध से पता चलता है कि पके हुए लहसुन की तुलना में ताजा, कुचले हुए लहसुन का उपयोग अधिक प्रभावी हैं।

## आपके डाइजेशन पर विपरीत प्रभाव डाल सकते हैं ये फूड्स

हम जो कुछ भी खाते हैं, उसका व्यापक प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है, फिर चाहे बात पाचन तंत्र की ही क्यों ना हो। वैसे भी हमारा पेट हमारे स्वास्थ्य का प्रमुख इंडिकेटर है। जब हम अपने खान-पान या फूड च्वॉइसेस में गलती करते हैं तो ना केवल पाचन तंत्र के लिए इन्हें पचाना मुश्किल होता है, बल्कि पाचन तंत्र से जुड़ी कुछ समस्याएं जैसे कब्ज, डायरिया, इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम, गैस्ट्रोओसोफेगल रिफ्लक्स (जीईआरडी) आदि हो सकती हैं। आहार ऐसा होना चाहिए, जिससे शरीर को कार्बोहाइड्रेट, वसा, प्रोटीन, पानी, नमक, विटामिन, और घुलनशील और अघुलनशील फाइबर का सही मिश्रण मिले।

**फ्राइड फूड्स :** अगर आप अपने पाचन तंत्र का ख्याल रखना चाहते हैं तो ऐसे में फ्राइड फूड्स को डाइट से बाहर रखना चाहिए। यह ना केवल फैट्स में उच्च होते हैं, बल्कि इनसे दस्त की समस्या भी हो सकती है। साथ ही, फ्राइड फूड्स को बनाते समय एक ही तेल को बार-बार इस्तेमाल किया जाता है और यह भी पाचन तंत्र( पाचन तंत्र को बनाएं हेल्दी) के लिए समस्या की वजह बन सकता है। इसलिए, आप फ्राइड फूड की जगह बेक्ड या रोस्टेड फूड आइटम के सेवन को प्राथमिकता दें।

**प्रोसेस्ड फूड्स :** प्रोसेस्ड फूड्स ना केवल पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि यह ओवर ऑल हेल्थ पर अपना विपरीत असर छोड़ते हैं। इनमें फाइबर सहित अन्य पोषक तत्वों की भी कमी होती है। उनमें से कुछ में लैक्टोज भी हो सकता है जो आपकी पाचन समस्याओं को बढ़ा सकता है। प्रोसेस्ड फूड के सेवन का एक नुकसान यह भी होता है कि यह मोटाप, टाइप 2 मधुमेह और हृदय की समस्याओं के जोखिम को बढ़ाते हैं। साथ ही इनसे गैस, सूजन और ऐंठन की समस्या भी हो सकती है। इसलिए, जहां तक संभव हो सके, प्रोसेस्ड फूड से बचने की कोशिश करें। अगर आप इनसे पूरी तरह से परहेज नहीं कर सकते हैं, तो उन्हें लीन मीट या फिर ऐसे किसी अन्य खाद्य पदार्थ के साथ जोड़ दें जो उनके पोषण मूल्य को बढ़ाने और पेट की परेशानियों को कम करने के लिए धीरे-धीरे पचता है।



**आर्टिफिशियल स्वीटनर :** आर्टिफिशियल स्वीटनर विशेष रूप से सोर्बिटोल पाचन तंत्र पर विपरीत असर डालता है। इससे व्यक्ति को पेट में जलन का अहसास होता है। च्युइंग गम और डाइट फूड में शामिल आर्टिफिशियल स्वीटनर सोर्बिटोल गैस, सूजन और दस्त का कारण बनता है। कृत्रिम मिठास शरीर में सूजन को बढ़ाती है और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकती है। वे कुछ लोगों में पेट की चर्बी बढ़ाने के लिए भी जिम्मेदार होते हैं। इसलिए अपनी डाइट में नेचुरल शुगर एड करने का प्रयास करें।

**स्पाइसी फूड :** अमूमन लोग अपने टेस्ट बड को शांत करने के लिए भोजन में तरह-तरह के मसालों को शामिल करते हैं। लेकिन आवश्यकता से अधिक मसाले व्यक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। बहुत से लोग अधिक मसाले के सेवन से गैस, सूजन, नाराज़गी, एसिड रिफ्लक्स और यहां तक कि पेट में दर्द का अनुभव करते हैं। इसलिए, भोजन को बहुत अधिक स्पाइसी बनाने से बचें। साथ ही, सोने के समय मसालेदार फूड आइटम्स से विशेष रूप से बचना चाहिए।

**प्रायोगिक कक्षाएं आज से शुरू**-नोखा (नवयत्न)। मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा के प्राचार्य डॉ. रणवीर सिंह ने बताया कि इस महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र पर स्वयंपाठी परीक्षार्थी के रूप में प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2025 हेतु फार्म भर चुके परीक्षार्थियों हेतु दिनांक 14-01-2026 से 25-01-2026 तक सभी विषयों की प्रायोगिक कक्षांए दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक लगेगी।


**RAJASTHAN POLICE INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD, JAIPUR**

(Government of Rajasthan Undertaking) CIN NO. U45201RJ2013SGC083014, Regd. Office : 756, Police Head Quarter, Lal Kothi, Jaipur (Raj.), Phone: 0141-2740784, Fax: 0141-2744294, e-mail: rpidcl@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- RPHCCL/469/NIT/2025-26/D-3858 दिनांक :- 08/01/2026

**ई-निविदा सूचना सं. 36/2025-26**

निम्नलिखित कार्यों के लिए राज्य/केन्द्र सरकार के अभियांत्रिकी विभागों/उपक्रमों में समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत योग्य एवं अनुभवी संवेदकों से नियमानुसारएक वर्ष की डीएलपी के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र में क्रम संख्या 1 से 73 तक के कार्यों की निविदा एकल बिड के तहत आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत | रुपये 2461.62 लाख |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने की तारीख | 15 जनवरी 2026 दोपहर 02.00 बजे से 27 जनवरी 2026 सायं 4.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की तारीख | 27 जनवरी 2026 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 28 जनवरी 2026 दोपहर 1.00 बजे |

निविदा सम्बन्धित जानकारी राजस्थान पुलिस की बेबसाइट www.police.rajasthan.gov.in/ www.sppp.raj.nic.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी। इच्छुक संवेदको को निविदा संबंधित जानकारी प्रबन्ध निदेशक कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है। भविष्य में निविदाओं में संशोधन होने पर उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रेषित किया जावेगा।

UBN No. : RID2526WSOB00475 To RID2526WSOB00547

महाप्रबन्धक

राज.संवाद/सी/25/17547 राजस्थान पुलिस आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड



**कार्यालय नगर पालिका लोसल (सीकर)**

क्रमांक : न. पा. लो./स्टोर/2025-26/3590 दिनांक :- 09.01.2026

**बोली सूचना /2025-26**

नगरपालिका लोसल की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदको/फर्मो से बोली आमंत्रित की जाती है। बोली दिनांक 09.01.2026 से 19.01.2026 को 01.00 बजे तक अमानता राशि एवं बोली शुल्क जमा जरिये डी.डी. से इस कार्यालय में जमा करवाकर बोली फॉर्म प्राप्त किया जाकर पूर्णतया भरी हुई बोलियां दिनांक 19.01.2026 को 03:00 बजे तक वापिस प्राप्त की जाकर उसी तिथि को सायं 4.00 बजे उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष खोली जावेगी। उक्त बोली को राजस्थान लोक उपापन पोर्टल (http://sppp.raj.nic.in) पर भी देखा जा सकता है। जिसके एन.आई.बी नम्बर व यू. बी. एन. नम्बर निम्नांनुसार है-

NIB No. - DLB2526B0131

UBN No. - DLB2526GSOB30055, DLB2526GSOB30053, DLB2526GSOB30056

अधिशाषी अधिकारी

राज.संवाद/सी/25/17573 नगरपालिका लोसल



**कार्यालय नगर पालिका पिलानी जिला - झुंझुनूं (राज.)**

Email - pilani.jaipur@gmail.com P.H. - 01596-242129

क्रमांक :- न.पा.पि./2025-26/2540 दिनांक :- 09.01.2026

**- निविदा सूचना -**

(NIB CODE - DLB2526B0097)

नगरपालिका पिलानी द्वारा निम्नलिखित कार्य से सम्बन्धित समस्त संकर्म/सेवाओ श्रेणी के केन्द्र/राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मस्/सप्लायर्स से http://sppp.rajasthan.gov.in पर दिनांक 08.01.2026 से दिनांक 19.01.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक प्रकाशित की जाती है। ऑफलाईन निविदा प्राप्ति की तिथि दिनांक 19.01.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक है। तथा प्राप्त निविदाए दिनांक 20.01.2026 को सायं 05:00 बजे उपस्थित संवेदको के समक्ष खोली जावेगी। निविदा से संबंधित शर्ते एवं विस्तृत विवरण निम्न विवरणानुसार इंटरनेट साईट पर http://sppp.rajasthan.gov.in व कार्यालय मे कार्यालय समय पर भी देखी जा सकती है।

| S.No. | Tender UBN/NIB Number |
|---|---|
| 1 | (DLB2526WSOB29953), (DLB2526WSOB29954), (DLB2526WSOB29955), (DLB2526WSOB29956), (DLB2526WSOB29957), (DLB2526WSOB29958), (DLB2526WSOB29959), (DLB2526WSOB29960), (DLB2526WSOB29961), (DLB2526WSOB29962), (DLB2526WSOB29963), (DLB2526WSOB29964), (DLB2526WSOB29965) |

राज.संवाद/सी/25/17600 अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका पिलानी

# गणेश रेवाडिया बने गौ ट्रॉमा सेंटर अध्यक्ष

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** श्री राजलदेसर गौशाला में सोमवार देर शाम को गत दिनों आम सभा में लिए गए निर्णय के अनुसार गौशाला के रिक्त पदों को भरने के लिए गठित समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगतमल पाण्डिया ने की। बैठक में सर्वसम्मति से गणेश रेवाडिया को ट्रॉमा सेंटर का अध्यक्ष बनाया गया गौशाला के उपाध्यक्ष के साथ ट्रॉमा सेंटर का अतिरिक्त दायित्व भी संभालेगे । ट्रॉमा सेंटर के कार्यकारी अध्यक्ष रामचंद्र प्रजापत को मनोनित किया । ट्रॉमा सेंटर सचिव विनोद भाटिया को मनाया गया। डॉ. हीरालाल सोनी ट्रॉमा सेंटर के यथावत प्रभारी बनें रहेंगे । अन्य पदों पर ट्रॉमा सेंटर के अध्यक्ष गणेश रेवाडिया की सहमति से नियुक्ति किए जाएंगे। गौशाला के उपाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से वनीता डीडवानियों को मनोनीत किया गया। गौशाला के व्यवस्था को सुचारू रूप से चलने के लिए एक प्रशासनिक समिति का पुनर्गठन किया गया समिति में सर्व समिति से भीकमचंद सुथार, वीरेंद्र लाटा, डॉक्टर हीरालाल सोनी, मंत्री ललित दाधीच, मनोज प्रजापत मास्टर, रतनलाल बारूपाल को मनोनित किया गया । गौशाला के 1 मार्च को होने वाले फागोत्सव के लिए संचालन समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया । जिसमें कैलाश सोनी को संचालक समिति का संयोजक बनाया गया। सहसंयोजक विनोद भाटिया, मदन दाधीच, शिव भगवान, सोनी, रतन लाल बारूपाल, महावीर पारीक, अजीत सुथार, राजेश पांडे, मनोज मारू, पवन स्वर्णकार को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर भी चर्चा की गई । बैठक में वीरेंद्र लाटा, ललित दाधीच, हनुमान सोनी, परमेश्वर फोगला, विनोद भाटिया, कैलाश सोनी, रतनलाल बारूपाल, शिवभगवान सोनी, राधेश्याम पाण्डे आदि उपस्थित रहे ।

# नाजमीन कुरैशी का स्वागत करने उमड़ा पूरा मोहल्ला



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** कुरेशी समाज की बेटी नाजमीन जब एआई में मास्टर्स करके अपने घर पर पहुंची, तो रिश्तेदारों के साथ पूरा का पूरा मोहल्ला उसके स्वागत के लिए उमड़ पड़ा। लोगों ने खूब आतिशबाजी की और एक के बाद एक रिश्तेदारों और जानकारों ने नाजमीन को उपहार दिए और फुलमालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया। परिवारजनों ने बताया कि हमारा एक ही संदेश है कि बेटियां बेटों से ज्यादा होनहार होती है, जो पढ़ लिखकर देश समाज को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकती है। गाड़ोदिया गेस्ट हाउस के पीछे रहने वाले जाकिर हुसैन कुरेशी और बानो की पुत्री नाजमीन जयपुर की विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी से एआई में मास्टर्स करके अपने घर पर पहुंची, तो पूरा परिवार और मोहल्ला उनका इंतजार कर रहा था। ज्योंहि नाजमीन पहुंची, तो शानदार आतिशबाजी की गई। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस के अध्यक्ष फारूक भूट्टा ने बताया कि स्व. गुलाम हुसैन खोखर की पोती नाजमीन ने कुरैशी समाज का नाम रोशन किया है और इसकी इस उपलब्धि से पूरे समाज में खुशी की लहर है। इस अवसर पर जाहिद कुरैशी, शाहिल कुरैशी, जुबेर, कयूम कुरेशी, खुशी मोहम्मद खोखर, मुबारिक खोखर, इमरान खोखर, इरफान खोखर, जब्बार भूट्टा, खालिद कुरैशी, सलीम कुरैशी, तौफीक, याकूब मंत्री, जाकिर कुरैशी, सफीक भूट्टा, बिलाल भूट्टा, कयूम भूट्टा, युनूस खत्री, जाकिर खोखर, जीमल खोखर, तौफीक खोखर, गौतम शर्मा, नाजमीन की दादी मेमुना, माता बानो, जाकिरा बानो, मेमुना बानो, शबनम बानो, शाहीदा आदि रिश्तेदारों, समाज बन्धुओं, मोहल्लेवासियों ने नाजमीन का मिठाई खिलाकर व फुलमालाओं से लादकर अभिनंदन किया। नाजमीन ने बताया कि वर्तमान में मैं सोफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर कार्यरत हूं और आगे चलकर खुद की कंपनी बनाकर बिजनेस करना चाहती हूं। नाजमीन ने आज के युवाओं से मेहनत कर लक्ष्य प्राप्त करने की अपील की है। आपको बता दें कि 5 सितम्बर 2001 को जन्मी नाजमीन की प्रारंभिक शिक्षा राईन बाल निकेतन स्कूल में हुई, जबकि 12 वीं तक की शिक्षा आदर्श विद्या मंदिर में और स्नातक शिक्षा बीकानेर महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी से हुई।

# एडीएम के साथ वार्ता विफल, धरना जारी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा नेताओं का नरेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में धरना लगातार सातवें दिन भी नगरपरिषद कार्यालय के सामने जारी रहा। धरनास्थल पर धरनार्थियों से धरने को समाप्त करने के लिए वार्ता करने हेतु एडीएम संतोष मीणा पहुंचे। एडीएम संतोष मीणा ने धरनार्थियों से कहा कि आपकी मुख्य मांग पूरी हो चुकी है, इसलिए आप धरना समाप्त कीजिये। जिस पर धरनार्थियों न कहा कि हमारी दूसरी मांग कनिष्ठ अभियंता को एपीओ करने की है। इस पर एडीएम ने कहा कि वो आप जयपुर में जाकर बात कीजिये। जिस पर नरेंद्र गुर्जर ने कहा कि कलक्टर महोदय ये मांग पूरी कर सकते हैं। जिस पर एडीएम ने कहा कि कलक्टर महोदय मीटिंग में है, शाम को उनसे बात की जाएगी। जिस पर धरनार्थी रेंवतमल पंवार, राजकुमार तंवर, पन्नालाल सोनी, रविन्द्र पांडे आदि ने कहा कि कलक्टर महोदय से आप बात कर लीजिये, मांग पूरी होने के साथ ही धरना समाप्त कर दिया जायेगा। एडीएम मीणा के प्रयासों के बावजूद भी वार्ता असफल रही। एडीएम को धरनार्थियों की ओर से ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान कार्यवाहक आयुक्त चारवी, भाजपा नेता महेश जोशी, बसंत दाधीच, नरेंद्र प्रजापत आदि लोग मौजूद रहे।

# उम्मीद की किरण जगी : झुंझुनू रेलवे जंक्शन मांग पर पीएमओ ने शुरू की कार्रवाई

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति द्वारा संचालित झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान को मंगलवार को बड़ी और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। यह सफलता झुंझुनूवासियों के लिए रेलवे जंक्शन की वर्षों पुरानी मांग को लेकर उम्मीद की किरण बनकर सामने आई है। समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार दोपहर 12 बजकर 34 मिनट पर उनके मोबाइल फोन पर प्रधानमंत्री कार्यालय से एक एसएमएस प्राप्त हुआ। यह संदेश उनके जन्मदिवस के अवसर पर उनके लिए दोहरी खुशी लेकर आया। दरअसल शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति द्वारा पांच दिन पूर्व 8



जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इंडिया पोस्ट की स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से एक ज्ञापन पत्रांक एसआरवीएसएस/008/2026 प्रेषित किया गया था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ज्ञापन पर त्वरित व सकारात्मक रुख अपनाते हुए इसे प्रधानमंत्री कार्यालय के लोक शिकायत निवारण पोर्टल पर पंजीकरण संख्या पीएमओपीजी/2026/0008377 के अंतर्गत दर्ज कर लिया है तथा इस पर विधिवत कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। पीएमओ से मिले इस कदम को जन संघर्ष अभियान की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। समिति अध्यक्ष अग्रवाल ने आशा व्यक्त की कि प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा अब इस ज्ञापन के संबंध में रेलवे बोर्ड को पत्र भेजा जाएगा जिससे झुंझुनू को रेलवे जंक्शन घोषित करने की दिशा में ठोस एवं सकारात्मक पहल होगी। उन्होंने कहा कि यह केवल समिति की नहीं बल्कि समूचे झुंझुनू जिले की जनता की जीत है जो लंबे समय से इस मांग को लेकर संघर्षरत है। उन्होंने यह भी कहा कि जन संघर्ष अभियान आगे भी पूरी मजबूती के साथ जारी रहेगा, जब तक झुंझुनू को उसका हक रेलवे जंक्शन का दर्जा नहीं मिल जाता।

# आखिरकार पकड़ा गया पैंथर, वन विभाग की टीम ने किया रेसक्यू

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिले में कई दिनों से लेपर्ड की दहशत से लोगों को मंगलवार शाम राहत मिली हैं। वन विभाग के चार रेंज की टीमों ने मिलकर लेपर्ड का मोलीसर छोटा के खेतों में रेसक्यू किया हैं। चारों टीमों ने मिलकर लेपर्ड का संयुक्त रेसक्यू किया हैं। चूरू डीएफओ भवानी सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह 10 बजे से लेपर्ड की तलाश में जुटी वन विभाग की टीम को आखिरकार मंगलवार की शाम सफलता मिली। टीम ने गांव मोलीसर व रतनसरा की रोही में सर्च अभियान शुरू किया। गांव मोलीसर छोटा के प्रभूराम के खेत में लेपर्ड दिखाई दिया। जिसे करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बेहोश कर वन विभाग की टीम ने अपने कब्जे में किया। इस दौरान बावरियों एवं ग्रामीणों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया। बेहोश होने के बाद पैंथर को पिंजरे में डाला गया।



उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से सरदारशहर, तारानगर, रतनगढ़ व फतेहपुर की रोही में लेपर्ड होने की सूचना से काफी दहशत में थे। वर्तमान में फसलों की बुवाई की हुई हैं। रात के समय में बिजली आने के कारण किसानों को रात के समय फसलों को पानी देना पड़ता है। ऐसे में लेपर्ड का भी खतरा मंडरा रहा था। पिछले दो.तीन दिन से लेपर्ड के फुट प्रिंट फतेहपुर में दिखाई दे रहे थे। जिसने मंगलवार को रतनगढ़ की सीमा में प्रवेश कर लिया। जिसकी सूचना पर सूचना पर चूरू, जयपुर, फतेहपुर व लक्ष्मणगढ़ वन विभाग की टीम अलर्ट हो गयी। चूरू डीएफओ भवानी सिंह ने बताया कि चारों टीमे मंगलवार सुबह से ही लेपर्ड के रेसक्यू के लिए जुट गयी थी। डीएफओ भवानी सिंह के नेतृत्व में जयपुर से आये ट्रेकूलाइज टीम के डॉ. अषोक तंवर, चूरू एसीएफ मनीष कुमार पूनिया, रेंजर पवन शर्मा, वनपाल जोगेन्द्र सिंह, वनपाल विक्रम सिंह, रघुवीर सिह, इंद्रजीत, फतेहपुर वन विभाग के रेंजर नरेन्द्र सिंह, लक्ष्मणगढ़ वन विभाग की रेंजर दुर्गा हुड्डा, वन रक्षक गजेन्द्र सिंह, अफजल खां, आकील हुसैन, सुरेष कुमार, दयाल सिंह ने टीम ने मंगलवार शाम करीब साढ़े चार और पांच बजे के बीच लेपर्ड को रेसक्यू कर ट्रेकुलाइज किया।

# पुष्पेंद्र सैनी का विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम में चयन



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज के खिलाड़ी पुष्पेंद्र सैनी पुत्र कमलेश कुमार सैनी का पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी सीकर की क्रिकेट पुरुष टीम में चयन हुआ है?। कैलाश कुमार ने बताया की ?पुष्पेंद्र सैनी कला संकाय में पंचम सेमेस्टर का विद्यार्थी है। क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता में शेखावाटी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।अंतर विश्विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी, राजकोट गुजरात में होगा। विश्विद्यालय टीम में चयन होने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सैनी, खेल प्रभारी डॉ. विरेन्द्र कुमार यादव, कोच रामसिंह जाट ने खुशी व्यक्त की। खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद था।

# त्रिवेणी कंवर पंवार का आर्मी डे परेड में चयन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** जी.एच.एस. राजकीय महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट त्रिवेणी कंवर पंवार का चयन ष्आर्मी डे परेड एडीपी, जयपुर के लिए किया गया है। उल्लेखनीय है कि आर्मी डे परेड का आयोजन राजस्थान में पहली बार किया जा रहा है, जिससे इस चयन का महत्व और भी बढ़ जाता है। इसके साथ ही त्रिवेणी कंवर पंवार को राजस्थान की चार एनसीसी बटालियनों के कुल 300 एनसीसी कैडेट्स की कैंप सीनियर के रूप में नियुक्त किया गया है। यह दायित्व उनकी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और समर्पण को दर्शाता है। महाविद्यालय की प्राचार्या विनिता चौधरी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि त्रिवेणी की यह सफलता न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

# विप्र फाउंडेशन द्वारा कंबल वितरित

निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के मुख्य बाजार स्थित पचलंगिया हवेली में विप्र फाउंडेशन की ओर से कंबल वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा, संयोजक उमाशंकर महमिया, राकेश सहल, विकास पुरोहित व पं. हरिकिशन शुक्ला बतौर अतिथि मंचस्थ रहे। इस दौरान 50 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित की गई।

वक्ताओं ने सामाजिक सरोकारों की दिशा में विप्र फाउंडेशन की ओर से किए जा रहे कार्यो की सराहना की। फाउंडेशन जिला उपाध्यक्ष पार्षद प्रमोद पचलंगिया ने आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में बनवारी लाल शर्मा, विप्र मंडल अध्यक्ष रामस्वरूप बिंयाला, राजेंद्र पचलंगिया, गोकुल प्रसाद शर्मा, व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पचलंगिया, राज. ब्राह्मण महासभा नगर अध्यक्ष संतोष शर्मा, आत्माराम जोशी, राकेश पचलंगिया, मुरारी लाल शर्मा, श्रीराम पचलंगिया आदि मौजूद रहे। संचालन घनश्याम शर्मा ने किया।

# बापूजी कॉलेज में विद्यार्थियों को दी संस्कारों की शिक्षा



**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री बापूजी कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस अनोखे अंदाज से मनाया गया। यहां पाँच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन कर विद्यार्थियों को संस्कारों की शिक्षा देते हुए अच्छे संस्कार अपनाने की शपथ दिलाई गई। यज्ञ संपन्न कराने के लिए देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से प्रांजल देशमुख, श्वेता एवं उपासना पांडेय पहुंचे जिन्होंने वैदिक विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराया। इस दौरान चेयरपर्सन डॉ ईशा गुर्जर, निदेशक डॉ ओमप्रकाश गुर्जर, प्राचार्य डॉ गौतम उपाध्याय, स्पेशल टीचर ट्रेनिंग विभाग के एचओडी डॉ मुकेश रुंडला, प्रोफेसर हितेश शर्मा, मिलन तिवाड़ी, डॉ नरेश सैनी, डॉ संजय खटाना सहित स्टाफ उपस्थित रहा। यज्ञ में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। दो चरणों में संपन्न इस यज्ञ में विद्यार्थियों ने आहुति देकर आध्यात्मिक अनुशासन का अनुभव किया। डॉ ईशा गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युवा केवल पढ़ाई और नौकरी को ही जीवन की पूर्ण उपलब्धि मान लेता है जबकि शिक्षा के साथ संस्कार और आध्यात्मिक दृष्टि का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।

# ज्ञापन सौंपकर की रास्तों पर रोशनी करने की मांग

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** कॉमरेड जगदीश नाथ के नेतृत्व में लोगों ने एक ज्ञापन जोधपुर विद्युत वितरण नि. लि. के एक्स ईएन को दिया है। ज्ञापन में बताया गया है कि डूंगर बालाजी जाने वाली सड़क पर स्थित करणी माता मंदिर कॉलोनी के पास करीब 40-50 घर हैं, लेकिन विद्युत निगम की लाईन यहां पर नहीं होने से रात में अंधेरा छाया रहता है, जिसके कारण हर वक्त दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। ज्ञापन में बताया गया है कि इसके बारे में पहले भी सूचना दी जा चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।

# मेलविन जोन्स जन्मदिवस पर सेवा का संकल्प, आयुर्वेद शिविर आयोजित

## पंच निधि आयुर्वेदिक क्लिनिक पर प्रत्येक रविवार को नि:शुल्क शिविर लगेगा : जानू




संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** लायंस क्लब झुंझुनू गौरव द्वारा पंच निधि आयुर्वेदिक क्लिनिक, बी-112 बसंत विहार, झुंझुनू में लायंस इंटरनेशनल के संस्थापक मेल्विन जोन्स के जन्मदिवस के अवसर पर मंगलवार को नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में वक्ताओं ने मेल्विन जोन्स के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने 1917 में लायंस क्लब इंटरनेशनल की स्थापना श्री सर्व के सेवा मंत्र के साथ की। मेल्विन जोन्स का मानना था कि व्यापार और समाज का वास्तविक उद्देश्य मानव सेवा है। उनके विचारों से प्रेरित होकर आज लायंस क्लब विश्व के सबसे बड़े सेवा संगठनों में शामिल है जो स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण एवं मानवीय सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। क्लब अध्यक्ष मनीराम कुलहरी सहित सभी लायन साथियों ने शिविर में पहुंचे चिकित्सक एवं रोगियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ निकिता जानू ने विभिन्न प्रकार के 43 रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें आयुर्वेदिक दवाइयां प्रदान कर लाभान्वित किया। इस अवसर पर चार्टर अध्यक्ष लायन पूर्ण सिंह सैनी ने पीएमजीएफ लायन शिवकरण जानू को लायंस इंटरनेशनल का पिन लगाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लायन साथियों ने भी उनका माल्यार्पण कर सम्मान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लायन पुरुषोत्तम लाल जांगिड़, लायन रणधीर सिंह सैनी, लायन ललित शर्मा, लायन पूर्णानंद शर्मा, लायन सुभाषचंद्र शर्मा, लायन मुरारी लाल जांगिड़, लायन अरविंद जानू एवं लायन अभिषेक जानू ने सक्रिय सहयोग किया। पीएमजीएफ लायन शिवकरण जानू ने बताया कि इसी पंच निधि आयुर्वेदिक क्लिनिक पर प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से नि:शुल्क आयुर्वेदिक शिविर आयोजित किया जाएगा।

# भामाशाहों ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को पहनाई स्वेटर



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजकीय मानपुरिया वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय श्रीमाधोपुर में भामाशाहों ने विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए। संस्था प्रधान रश्मि शर्मा ने बताया कि भामाशाह सुदामा चौहान, बिहारी लाल उपाध्याय, रामावतार शर्मा द्वारा विद्यालय में 40 स्वेटर का वितरण किया गया । इस अवसर पर विशिष्ट व्यक्तियों में गुलशन चौहान , अंकित बागोरिया, चेतन चौहान उपस्थित रहे । नए स्वेटर पहनकर बच्चे खुश हो गए, उन्हें इस कड़ाके की ठंड में राहत मिलेगी । कार्यक्रम में रामगोपाल बोहरा, सोहन लाल सैनी, शंकर लाल सैनी, नरेंद्र कुमार सैनी, ज्ञानप्रकाश हरितवाल, महेश कुमार फुलवारिया, पिंकी कुमारी, रामकिशोर नागर आदि मौजूद रहे ।

# मधुमक्खियों के हमले में तीन घायल

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** खेत में काम करते वक्त 3 जनों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया घायल कर दिया। जिनको 108, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार द्वारा सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी मे भर्ती कराया गया। घायलों मे सीता देवी पत्नी मोहनलाल गुर्जर 65 वर्ष, मोहनलाल पुत्र पीथाराम गुर्जर उम्र 68 वर्षए हनुमानराम पुत्र दुलाराम उम्र 60 वर्ष तीनो निवासी वार्ड नंबर 5 गोपालपुरा के निवासी हैं, जो डूंगरबालाजी रोड पर खेत मे काम कर रहे थे। स्वर्णकार के अनुसार उन्होंने ने गंभीर घायल सीता देवी तथा उनके पति मोहनलाल के चेहरे तथा पूरे शरीर पर से करीब 500 डंक निकाले गए, जिससे सीता देवी की स्थिति कुछ सामान्य हो पायी। अन्यथा जहर पूरे शरीर मे फैल सकता था तथा स्थिति और ज्यादा गंभीर हो सकती थी। डॉ. लियाकत अली, अमित और पूरी टीम ने जी जान और मुस्तेदी से घायलों का इलाज किया। इस दौरान शांतिलाल दर्जी तथा किशन सोनी ने सहयोग किया।

# स्वीकृत स्थान पर ही पेयजल टंकी बनाने की मांग

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पार्षद प्रतिनिधि जावेद खिची के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग चूरू के अधीक्षण अभियंता से मिला है। प्रतिनिधिंडल ने अधीक्षण अभियंता को एक ज्ञापन सौंपकर बताया है कि अमृत फेज 2 में केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक घर में पेयजल कनेक्शन दिया जा रहा है। इसी के तहत सुजानगढ़ की गोपालपुरा रोड़ पर 4 लाख लीटर की क्षमता वाली पेयजल टंकी स्वीकृत है। गोपालपुरा रोड़ पर पहले से ही आपणी योजना की पाईप लाईन डाली जा चुकी है। जिनके रख रखाव और घरों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी एल एंड टी कंपनी की 2029 तक की है। जिसका हर महीने बिल भी बनता है। यहां पर पाईप लाईन की डिजाइन 2041 तक के लिए डाली गई है, जबकि वर्तमान में अधिकारी नई डिजाईन से पाईप लाईन डालकर इसके साथ छेड़छाड़ करना चाहते हैं, ताकि कंपनी द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को इस नई डिजाईन के जरिये अमृत योजना में छिपाया जा सके। ज्ञापन में मांग की गई है कि पाईप लाईन को यथावत् रखते हुए नई टंकी स्वीकृत स्थान पर ही बनाई जावे, ताकि कंपनियों के भ्रष्टाचार का आर्थिक बोझ आम जनता के पैसे पर न पड़े। ज्ञापन सौंपते वक्त सोयल खान, इरफान खान, समीर तगाला, अब्दुला कुरेशी, अरमान कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

# पतंग-मांझा और चरखी से सजा जयपुर

## आज मकर संक्रांति पर छतें बनेगी अखाड़ा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मकर संक्रांति आज है और जयपुर का आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से सजने को तैयार है। शहर में पतंगबाजी का क्रेज अपने चरम पर है और इसकी सबसे बड़ी पहचान बनी मांझा और चरखी। मकर संक्रांति से एक दिन पहले किशनपोल बाजार, हांडी पुरा सहित शहर के प्रमुख बाजारों में सुबह से देर रात तक पतंग, मांझा और चरखी की खरीदारी को लेकर जबरदस्त रौनक देखने को मिला। किशनपोल बाजार के मांझा कारोबारी सिनोद खूंटेटा ने बताया कि जयपुर में बिकने वाला अधिकांश मांझा वर्धमान कॉटन की डोर से तैयार किया जाता है। डोर पर सुताई कर 4,6 और 9 तार का मांझा बनाया जाता है। आमतौर पर 4 तार का मांझा ज्यादा चलता है। लेकिन इस बार 4 तार-123 ग्रुप और 6 तार-8400 ग्रुप की मांग सबसे अधिक है। खास बात यह है कि अब ग्राहक सीधे कारीगरों के नाम से मांझा मांग रहे हैं, जिससे पतंगबाजी में अनुभव और तकनीक का महत्व साफझलकता है।

### समांझे की पहचान अनुभव से

मांझा विक्रेताओं के अनुसार मांझा खींच का है या शह का यह केवल डोर पर नहीं बल्कि पतंग उड़ाने वाले के अनुभव पर निर्भर करता है। जानकार पतंगबाज मांझे को जमीन पर गिराकर उसकी जांच करते हैं। डोर में मुलायमपन, सुताई की समानता और गुच्छा बनने या न बनने से उसकी गुणवत्ता परखी जाती है। अच्छी सुताई वाले मांझों में 4 तार-123 और 6 तार-8400 ग्रुप सबसे अधिक पसंद किए जा रहे हैं।

### मैदानी मांझे की खास पहचान

बाजार में मैदानी मांझे की भी जबरदस्त डिमांड रही। ये मांझे विशेष कारीगरों द्वारा बनाए जाते हैं और उन्हीं के नाम से बिकते हैं। कारीगरों की कोलकाता में होने वाली प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ मांझे को गोल्ड मेडल मिलता है। जिसके बाद वही डोर पूरे देश में पहचान बना लेती है। इससे मांझा सिर्फडोर नहीं, बल्कि कला और प्रतिष्ठा का प्रतीक बन गया है।

### आधुनिकता का तड़का

इस बार बाजार में इलेक्ट्रिक चरखी भी आकर्षण का केंद्र बनी। जिसकी कीमत 1000 से 2 हजर 500 रुपये तक है। यह रिचार्जेबल है और एक चार्ज में करीब 100 मिनट चलने का दावा किया जा रहा है। वहीं मुरादाबाद में डिजाइन होकर आई मेटल की गोल्डन चरखी मजबूती और आकर्षक लुक के कारण खूब पसंद की गई।

### महंगाई के बावजूद उत्साह बरकरार

विक्रेताओं के अनुसार इस वर्ष पतंग और मांझे की कीमतों में 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है, फिर भी पतंगबाजों का उत्साह कम नहीं हुआ। बाजारों की भीड़ साफ संकेत दे रही है कि मकर संक्रांति के दिन जयपुर की छतों पर जबरदस्त मुकाबले होंगे और आसमान में गूंजेगा-श्वो काटा3 वो मारा 3 जयपुर में मकर संक्रांति सिर्फपर्व नहीं, बल्कि परंपरा, जुनून और कौशल का उत्सव है, जहां पारंपरिक मांझा और आधुनिक तकनीक मिलकर पतंगबाजी को और भी रोमांचक बना देती है।



### चरखी में भी विकल्पों की भरमार

मांझा विक्रेता जावेद ने बताया कि बाजार में एक रील से लेकर 12 रील तक की चरखी उपलब्ध है। एक रील में करीब 900 मीटर या 1000 गज डोर होती है। ऊपर से देखने में एक डोर दिखने वाली इस चरखी में 4 या 6 तार गूंथे होते हैं, जिन्हें रगड़कर पहचाना जा सकता है। छतों पर दंगल लड़ाने वाले पतंगबाज इसे ध्यान में रखकर ही खरीदारी कर रहे हैं।

# मोबाइल स्नैचिंग गैंग के दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर में लगातार बढ़ रही मोबाइल स्नैचिंग की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने एसएमएस थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए दो मोबाइल स्नैचरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और एक कीमती आईफोन बरामद किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी अब तक 17-18 से अधिक वारदातों को अंजाम दे चुका है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त अपराध अभिजीत सिंह ने बताया कि सीएसटी आयुक्तालय की टीम ने एसएमएस थाना पूर्व क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए मोबाइल स्नैचर सैफ अली उर्फ मोटा निवासी रामगंज जयपुर और मोहम्मद सलमान निवासी कोटा हाल रामगंज जयपुर को गिरफ्तार किया है।

# पंतग प्रतियोगिता आयोजित



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** चिरंजीलाल धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में मकर संक्रान्ति का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों की पंतग प्रतियोगिता रखी गयी व छात्रों ने उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्ण मनोयोग से भाग लिया। पंतग प्रतियोगिता में प्रथम विराट जांगिड़, द्वितीय आदित्य पारीक रहे छात्रों को पुरस्कार दिया गया। प्रधानाचार्य लोकेश कुमार चौमाल ने मकर संक्रान्ति के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रभारी नागरमल प्रजापत, दामोदर मंगलहारा, दिनेश कुमार तिवाड़ी, औंकार सिंह, विनोद बालान, श्यामलाल शर्मा, श्यामसुन्दर ठठेरा, पवन कुमार ठठेरा, बजरंग माहिच, गिरधारीलाल, श्यामलाल प्रजापत, नरेन्द्र प्रजापत, जीवण सिंह, प्रकाशचन्द्र माली, औरताराचन्द्र माली आदि उपस्थित थे।

# 50 महिलाओं को स्वेटर वितरित



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर कस्बे में लगातार पड़ रही कड़ाके की सर्दी को देखते हुए राजलदेसर युवा विकास समिति की प्रेरणा से समाजसेवी पूनमचंद गर्ग के द्वारा वार्ड नंबर 7 में जरूरतमंद परिवार की महिलाओं को 50 स्वेटर वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा विकास समिति के संरक्षक पूनम चंद्र गर्ग, विशिष्ट अतिथि युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल ने कहा युवा विकास समिति द्वारा जो वार्ड वाइज जरूरतमंद परिवार की महिलाओं को सर्दी के मौसम को देखते हुए 300 स्वेटर वितरण का जो कार्यक्रम रखा है उसके लिए समिति के सभी सदस्य साधुवाद के पात्र हैं अवसर पर समिति के मंत्री मदन दाधीच, शिव भगवान सोनी, ओमप्रकाश बामनिया, एडवोकेट जगदीश बलानिया, विनोद भाटिया आदि उपस्थित रहे।

# दाधीच परिवार द्वारा दो बैड भेंट



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे की जनता क्लीनिक में स्व. गजानंद दाधीच की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी मुन्नी देवी व पौत्र एस्ट्रो प्रतीक पोत्री प्रतीक्षा के दाधीच द्वारा दो उच्च क्वालिटी के मरीज के उपचार के लिए बेड प्रदान किए गए। बेड नहीं होने के कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामान करना पड़ रहा है। बेड आने से मरीजों को असुविधा नहीं होगी। इस अवसर पर कमल दाधीच, पवन बोथरा, शंकरलाल खडोलिया, पार्षद जयचंद महावर, जनता क्लिनिक के डॉक्टर सुभाष सैनी ,नर्सिंग कर्मचारी प्रवीण कुमार, मनीषा शर्मा, टीना कुम्हार, सहायक मनीष सोनी, सफाई कर्मी रोहित वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

# सिंघानिया अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित

निसं



**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के लोयल ग्राम पंचायत के ओंकार सिंघानिया माननगर निवासी को उतरी-प. रेल्वे को भारतीय रेलवे में उत्कृष्ट सेवा के लिए अति विशिष्ठ रेल सेवा पुरस्कार से नवाजा गया। इन्होंने 7 जून 2024 को ट्रेन सं 19412 में समपार गेट 214 के पास आग लगने के दौरान असाधारण साहस का प्रदर्शन किया। इन्होंने आग का सामना किया, कोच के दरवाजे और आपातकालीन खिड़कियाँ खोली तथा बुजुर्ग और बच्चों सहित यात्रियों को सामान के साथ सुरक्षित बाहर निकाला। जानलेवा परिस्थितियों में इनके साहसी कृत्यों ने जान-माल की हानि को रोका और यात्रियों तथा रेलवे संपत्ति की सुरक्षा की। इस अदम्य साहस पर 9 जनवरी को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के द्वारा पुरस्कार से समानित किए गया। इस पुरस्कार की सूचना जब ग्रामीणों को मिली तो उन्होंने मिठाई बाट कर खुशी मनाई। जितेंद्र कुमार, संदीप कुमार, समदर सिंघानिया, राजेश सिंघानिया, बाबूलाल सिंघानिया, सुनिल कुमार बेरवाल, केसर सिंघानिया, मनीष, राजेश जोगी, संदीप महला, अमित सिंघानिया, रोहिताश आदि मोके पर मौजूद रहे।

# पालिका टीम ने जानलेवा डोर और प्लास्टिक बैग जब्त किए

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय नगर पालिका प्रशासन ने मकर संक्रांति पर्व से पहले मंगलवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए शहर में अवैध चाइनीज सिंथेटिक मांझा व प्लास्टिक कैरी बैग के खिलाफ अभियान चलाया। पालिका अधिशाषी अधिकारी हरेन्द्र चौधरी के निर्देश पर सफाई निरीक्षक रामचन्द्र पुनिया के नेतृत्व में गठित टीम ने शहर के सदर बाजार का निरीक्षण किया। टीम ने पतंगों एवं जनरल स्टोर की कई दुकानों पर निरीक्षण कर कानूनन प्रतिबंधित चाइनीज जानलेवा डोर को जब्त किया है। साथ ही सब्जी मण्डी, सदर बाजार, गांधी चौक व बस स्टेण्ड सहित अन्य क्षेत्रों में छापेमारी करते हुए दुकानदारों, सब्जी विक्रेताओं व मिष्ठान भंडारों से करीब 30 किलोग्राम प्लास्टिक कैरी बैग भी जब्त किए गए। अभियान के दौरान सफाई निरीक्षक रामचन्द्र पुनिया व समस्त टीम मौजूद रही।

# पौषबड़ा एवं पतंग वितरण कार्यक्रम आयोजित




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर शेखावाटी क्षेत्र के एकमात्र रोबोटिक घुटना रिप्लेसमेंट सेंटर टीबड़ा हॉस्पिटल, बसंत विहार में पौषबड़ा एवं पतंग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हॉस्पिटल प्रबंधन के अनुसार इस आयोजन का उद्देश्य सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ समाज में सहभागिता और जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं आगंतुकों को पौषबड़ा एवं पतंग वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ रमाकांत टीबड़ा ने कहा कि भारतीय पर्व सामाजिक एकता, सद्भाव और सकारात्मकता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में प्रगति केवल स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित नहीं है बल्कि समाज और संस्कृति के प्रति दायित्व निभाना भी उतना ही आवश्यक है।

टीबड़ा हॉस्पिटल रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण के साथ-साथ ऑर्थोपेडिक्स, ट्रॉमा, जनरल सर्जरी, मेडिसिन, क्रिटिकल केयर, फिजियोथेरेपी, डायग्नोस्टिक्स, लैब एवं इमेजिंग जैसी आधुनिक चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करता है। हॉस्पिटल प्रबंधन का कहना है कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से क्षेत्र के मरीजों को बेहतर एवं उन्नत उपचार उपलब्ध करवाने की दिशा में हॉस्पिटल निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल, सामाजिक सहभागिता और सौहार्द की भावना के बीच हुआ।

# डीआरआई ने 81 करोड़ की एमडी ड्रग्स पकड़ी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्व खुफिया निदेशालय डीआरआई ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सीकर हाईवे पर 81 करोड़ रुपए मूल्य की एमडी ड्रग्स जब्त की है। डीआरआई ने यह कार्रवाई स्थानीय पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से की। डीआरआई को गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग्स को एक वाहन में लोड कर तस्करी के लिए ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर डीआरआई की टीम ने सोमवार देर रात सीकर हाईवे पर नाकाबंदी कर संदिग्ध गाड़ी को घेराबंदी कर रोका। तलाशी के दौरान वाहन से 270 किलोग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई। टीम ने वाहन में सवार तस्करों को मौके पर ही डिटेन कर लिया। प्रारंभिक जांच में जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 81 करोड़ रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई के बाद डीआरआई और अन्य सुरक्षा एजेंसियां स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर पकड़े गए संदिग्धों से गहन पूछताछ कर रही हैं।

# छात्रों का विरोध प्रदर्शन, परीक्षाओं का समय बदलने की मांग



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी के स्वामी विवेकानंद गर्वनमेंट कॉलेज में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन कर स्नातक परीक्षाओं का समय बदलने की मांग की है। इस दौरान उन्होंने प्राचार्य महिपाल सिंह को ज्ञापन देकर शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव की मांग की है। विरोध कर रहे विद्यार्थियों ने बताया कि शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में स्नातक प्रथम सेमेस्टर मुख्य परीक्षाओं की समय सारणी में प्रथम पारी का समय सुबह 8 बजे रखा गया है जो अनुचित है। शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक प्रथम सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थियों द्वारा कुठाराघात किया गया है। अत्यधिक भीषण सर्दी में ग्रामीण परिवेश से आने वाले विद्यार्थी परीक्षा देने अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर नहीं पहुंच पाएंगे। उन्होंने बताया कि सर्दी को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा समय सारिणी में बदलाव कर स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षाएं दस बजे से करवानी चाहिए, जिससे समय पर आकर विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो सकें। इस समयावधि में अधिकांश विद्यार्थी परीक्षा से वंचित रहे सकते हैं, जिससे उनका भविष्य खराब हो सकता है। छात्र संगठन एसएफआई जिलाध्यक्ष विष्णु कुमार नायक ने बताया कि अगर विश्वविद्यालय स्नातक प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं के समय में बदलाव नहीं करेगा तो सम्पूर्ण विद्यार्थी परीक्षाओं का बहिष्कार करेंगे तथा छात्र संगठन एसएफआई धरना अनिश्चितकाल के लिए जारी रखेगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष विष्णु कुमार नायक, पूर्व छात्रसंघ सचिव दिनेश बबेरवाल, पायल नायक, जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सैनी, सीमा सैनी, रिहान कुरैशी, दीपांशु वैष्णव, इशिका प्रजापति, लक्ष्मी शेखावत, पिंकु गुर्जर, विष्णु, वर्षा निर्वाण, प्रीति जांगिड़, राहुल नायक, प्रदीप नायक, दीपक कटारिया, मीनाक्षी सैनी, रुखसार, खुशी, मुस्कान सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस ने मारी रिटायर्ड सीआईएसएफ जवान को टक्कर, मौत

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के डाडा फतेहपुरा में मंगलवार को एक रोडवेज बस ने रिटायर्ड सीआईएसएफ जवान को टक्कर मार दी। इस दौरान अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार डाडा फतेहपुरा निवासी बाबूलाल पुत्र मखनलाल सुबह अपने घर से मार्निंग वॉक पर निकले थे। जब वह वाक कर वापस अपने घर लौट रहे थे तो डाडा गांव के स्टैंड के पास बस ने पहले तो सड़क किनारे खड़े बछड़े को फिर वहां से गुजर रहे बाबूलाल को टक्कर मार दी। इस दौरान बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई तथा बाबूलाल घायल हो गए। हादसे के दौरान शोर शराबा होने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा घायल बाबूलाल को उपचार के लिए नीमकाथाना जिला अस्पताल में ले जाया गया। इस दौरान बाबूलाल की मौत हो गई। मृतक बाबूलाल सीआईएसएफ में कार्यरत थे जो 2023 में रिटायर्ड हुए थे। उनके एक बेटा अजीत सिंह है जो पंचायत में ई-मित्र का संचालन करता है। ग्रामीणों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा राजोता से डाडा फतेहपुरा होते हुए हरियाणा सीमा तक नई सड़क बनाई गई है। जिस पर कोई ब्रेकर व संकेतक नहीं होने के कारण तेज गति से व आग वाहनों का संचालन होने से हादसे हो रहे हैं।

इस दौरान ग्रामीणों ने डाडा स्टैंड पर ब्रेकर बनाने की मांग की है। घटना की सूचना पर मेहाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। एएसआई भोमाराम ने बताया कि परिजनों की मौजूदगी में राजकीय उप जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे ट्रैक के पास युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कानोता थाना इलाके में रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक की लाश लहूलुहान हालत में पड़ी मिली, चेहरा बुरी तरह बिगड़ा हुआ था और दोनों पैर टूटे हुए पाए गए। प्रथम दृष्टया युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से होना प्रतीत हो रहा है। सूचना मिलने पर जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। हेड कॉन्स्टेबल कमल किशोर ने बताया कि कानोता रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर पटरियों के पास युवक का शव पड़ा मिला। पटरियों पर लाश देखे जाने के बाद स्टेशन मास्टर ने जीआरपी को सूचना दी थी। पुलिस द्वारा मौके पर किए गए मुआयने में प्रथम दृष्टया जांच में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत होने की संभावना जताई गई है। मृतक की उम्र 30 वर्ष बताई जा रही है।

# राष्ट्र निर्माण युवा पखवाड़ा के तहत भाषण प्रतियोगिता आयोजित

निसं




**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मनाया जा रहा राष्ट्र निर्माण युवा पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं अलग-अलग संस्थाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में आरकेजेके बरासिया महाविद्यालय की छात्रा नेहा जोशी प्रथम, महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेरला की छात्रा मुग्धा सिंह दूसरे वहीं आरकेजेके बरासिया महाविद्यालय का छात्र आशीष कुमार तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रतन सिंह खरड़िया व अध्यक्ष अशोक सिरोवा उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका में कुमारी रवीना, पूर्णिमा तथा कपिल कुमार थे।

मंच संचालन कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक हेमंत चरण ने बताया कि राष्ट्र निर्माण युवा पखवाड़ा के इसी कार्यक्रम के संबंध में 16 जनवरी को माधव कुंज से स्वदेशी मेला आयोजन स्थल तक स्वामी विवेकानंद की शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा आयोजन स्थल पर ही भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। विजय तथा भाग लेने वाले प्रतिभागियों का सम्मान समारोह भी किया जाएगा।

# ऑल इंडिया लायर्स यूनियन ने शुरू किया सदस्यता अभियान



मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** ऑल इंडिया लायर्स यूनियन की जिला कमेटी ने जिले के सभी अधिवक्ताओं व विधि छात्रों को संगठन से जोड़ने के लिए 31 जनवरी 2026 तक विशेष सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। संगठन के प्रवक्ता राम रतन बगड़िया ने बताया कि यह निर्णय वरिष्ठ अधिवक्ता व सीकर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष झाबर सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। इस बैठक में सीकर बार के पूर्व अध्यक्ष महावीर सिंह जांगू, पूर्व महासचिव नरेश भूकर, धोद बार के अध्यक्ष राम रतन बगड़िया, सुनीता साई, झाबरमल रॉयल सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। बैठक में तय हुआ कि अभियान के तहत जिले के सभी न्यायालयों, शेखावाटी विश्वविद्यालय तथा विधि कॉलेजों में जाकर अधिवक्ताओं व विधि छात्रों को यूनियन का सदस्य बनाया जाएगा। इस कार्य के लिए विभिन्न क्षेत्रों में जिम्मेदारी भी तय की गई है। सीकर कोर्ट के लिए महावीर सिंह जांगू, ताराचंद यादव, झाबर सिंह सहित एक समिति बनाई गई है। वहीं लक्ष्मणगढ़ व फतेहपुर के लिए सत्यजीत भीचर, धोद के लिए राम रतन बगड़िया, दांतारामगढ़ के लिए सुरेंद्र फुलवरिया को जिम्मेदारी सौंपी गई है। शैक्षणिक संस्थानों में शेखावाटी विश्वविद्यालय के लिए रुखसार बानो और विधि कॉलेजों के लिए महिपाल गुर्जर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य पूरे जिले के विधि व्यवसाय से जुड़े लोगों को एक मंच पर लाकर उनके हितों की राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी पैरवी करना है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190